CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

देहरादून, सोमवार 30 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 231 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 10 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती पेज 2



जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं : कोहली खेल टाइम्स



ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा सम्पादकीय



किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की टेंशन पेज 12

# ईरानी मिसाइलों से थर्राया सऊदी स्थित अमेरिकी एयरबेस

## ईरान ने किया कई एयरक्राफ्ट मार गिराने का दावा, कबाड़ बना दिखा अवाक्स

तेहरान, वार्ता

**पश्चिम एशिया** से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान 'ई-3 अवाक्स' मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। दावा करते हुए ईरान ने कुछ तस्वीरें भी जारी की हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि विशालकाय विमान का बीच का पूरा हिस्सा उड़ चुका है। इसके अलावा, विमानों में ईंधन भरने वाले रिफ्यूलिंग विमानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि बदले की इस कार्रवाई में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। वहीं, दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



**■ ईरान ने हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का किया इस्तेमाल**

### जो भी ईरान आएगा, ताबूत में लौटेगा

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बलों की बढ़ती तैनाती के बीच, ईरानी अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने वाशिंगटन को चेतावनी भरा संदेश दिया है। अखबार ने शनिवार के अंक के पहले पृष्ठ पर बड़े अक्षरों में लिखा 'वेलकम टू हेल' और चेताया कि जो भी अमेरिकी सैनिक इरानी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे, वे सिर्फ ताबूत में लौटेंगे। अखबार की चेतावनी के ठीक समय पर लगभग 3,500 अमेरिकी मरीन सैनिक पश्चिम एशिया में अमेरिका के सेंट्रल कमांड क्षेत्र में तैनात किए गए। मरीन सैनिक यूएसएस त्रिपोली के जरिये जापान से रवाना किए गए, जो अमेरिका के सबसे बड़े अम्फीबियस असाल्ट जहाजों में से एक है। यह कदम पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तैनाती खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने के लिए अमेरिकी ऑपरेशन की तैयारी हो सकती है।

**अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर ईरानी मीडिया की चेतावनी, लिखा वेलकम टू हेल**



वाशिंगटन: 'नो किंग्स' ( डोनाल्ड ट्रम्प ) के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल मॉल में आयोजित एक रैली में नकली खून से लथपथ एक प्रदर्शनकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती के लिए रिश्वत लेने में सीआरपीफ के डीआईजी को तीन साल की सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीआरपीएफ में सिपाही (जीडी) भर्ती में रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन डीआईजी विनोद कुमार शर्मा, सीआरपीएफ कर्मी सत्यवीर सिंह व तीरथ पाल चतुर्वेदी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि वर्ष 2009 में सिपाही (जीडी) भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। डीआईजी विनोद कुमार शर्मा पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इसकी साजिश रचने के आरोप लगे थे। जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। जांच में पता चला था कि पैसे लेने के बाद उम्मीदवारों को भर्ती से जुड़ी जानकारियां पहले से मुहैया कराकर भर्ती में मदद की जाती थी। शिकायत पर सीबीआई ने 23 फरवरी 2009 को मामला दर्ज किया गया था।

### मेरठ में प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मौके पर एसडीएम सरधना उदित नारायण पहुंचे। उन्होंने 10 दिन का समय मांगा। एसडीएम ने कहा कि जाट शब्द वाली प्लेट कहीं खो गई। उसे खोजकर 10 दिनों में लगा दी जाएगी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन में जाट शब्द नहीं लगा, तो 16वें दिन पंचायत होगी। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया। इस दौरान करीब 45 मिनट तक धरना प्रदर्शन होता रहा। वहीं इस मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा कि पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है।


# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट: मोदी

## कहा: भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार पर भरोसा करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं।

सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि जंग के चलते ऊर्जा संकट: साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी, लेकिन दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं। वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्राफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया।



**■ मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया**

### पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से केरल में भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। पलक्कड़ में रैली के बाद पीएम त्रिशूर पहुंचे हैं। यहां उनका रोड शो 34 मिनट तक चला।

सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ मौजूद रही। इससे पहले पलक्कड़ में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है।

**■ पलक्कड़ में बोले: केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा**
**■ एलडीएफ-यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी**

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च को हुआ था। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारी मार्च करते हुए। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर और मैनहट्टन इलाके में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। कई प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की फोटो के साथ एपस्टीन लिखे हुए पोस्टर लहराए। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में प्रदर्शन के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (आईसीई) के दफ्तर के बाहर अमेरिकी झंडा जला दिया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लास एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में 'नो किंग्स' प्रदर्शन के दौरान लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले के जरिये अपना विरोध जताया। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था। इटली की राजधानी रोम में 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किए। मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।



**■ 50 राज्यों में 3,300 जगह प्रदर्शन**
**■ ईरान वॉर और महंगाई मुद्दे को लेकर पद से हटाने की मांग**
**■ प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों से नाराज**

# बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया।

घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि शर्म नहीं आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा कि मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ हो, तुम नरक में जाओगे।' पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार-बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 (धार्मिक भावनाएं आहत करने का प्रयास) और 352 (जानबूझकर अपमान) में केस दर्ज किया है।

**■ आरोप- यूनिवर्सिटी ने क्लास में पीड़ित का सपोर्ट करने पर अन्य छात्रों को सस्पेंड किया**

# होर्मुज स्ट्रेट संकट के बीच भारत को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इजरायल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं। इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है। भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी



**■ दो और एलपीजी टैंकर करीब 94 हजार टन गैस लेकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे**

## 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित

### केंद्र सरकार बोली: एलपीजी आपूर्ति सामान्य

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई।

मंत्रालय के अनुसार, किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टाक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उद्योग स्तर पर एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वितरकों के स्तर पर किसी भी तरह के विचलन को रोकने के लिए, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी का प्रतिशत फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है। सरकार की ओर से बताया गया है कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टाक बना हुआ है। घरेलू खपत का समर्थन करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का आग्रह किया है।

**■ साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई**

## संक्षिप्त समाचार

### विमान लैंडिंग के समय दरवाजा खोलने का प्रयास

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार रात बेंगलुरु से आ रही इंडिगो विमान का दरवाजा एक युवक द्वारा खोलने का प्रयास किया गया। क्रू मेंबर्स ने तत्काल उसे रोक लिया। पायलट ने इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा युवक से पूछताछ के बाद उसे फूलपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी युवक मोहम्मद अदनान मऊ जिले का रहने वाला है। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-185 बेंगलुरु से रात्रि 8 बजे उड़ी थी। बताया जा रहा है कि अदनान ने सफर शुरू होते ही एक बार दरवाजा खोलने का प्रयास किया था। क्रू मेंबर्स ने उसे समझा-बुझाकर बैठा दिया था। विमान के वाराणसी पहुंचने और लैंडिग की सूचना मिलते ही अदनान एक बार फिर सीट से उठकर गेट के पास पहुंच गया।

### यूपी में 3574 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद आज से

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार यानी 30 मार्च से शुरू होगी। गेंहू खरीद की प्रक्रिया इस बार 15 जून तक चलेगी। इस बार प्रदेश में खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अब तक 3574 क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि कुल 6500 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था की जाएगी। ये केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


## आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर अदालत का रुख सख्त

# भरण-पोषण मामले में आदेशों का कितना पालन हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा कि भरण-पोषण मामलों में आदेशों का कितना पालन किया गया है। कोर्ट ने इसकी एक माह के भीतर प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों से रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकल पीठ ने आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर दिया है।

याचिका में आरोप है कि आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने 11 जुलाई 2025 को पति को सीआरपीसी की धारा-125 (अब बीएनएसएस की धारा 144) के तहत 4000 रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। पति ने अब तक केवल 5000 रुपए ही



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक माह के भीतर उप्र के सभी परिवार न्यायालयों से मांगी विस्तृत रिपोर्ट
- उम्रकैद काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज, सरकार के फैसले को माना सही

जमा किए, जबकि बकाया राशि एक लाख रुपए से अधिक हो गई है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रधान न्यायाधीश ने आवेदन की तिथि से भुगतान करने का आदेश दिया था पर पति ने अब तक केवल पांच हजार रुपए दिए हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि पति बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने के लिए तैयार है। साथ ही नियमित भरण-पोषण की राशि का भुगतान करेगा। कोर्ट ने पति को एक माह में 50 प्रतिशत बकाया जमा करने का आदेश दिया। साथ ही शेष राशि अगले एक माह में जमा करने का आदेश दिया। चेतावनी भी दी है कि आदेश का पालन न करने पर पति को सिविल जेल जाना पड़ सकता है। संपत्ति कुर्क कर नीलामी की जाएगी। साथ ही बकाया राशि छह प्रतिशत ब्याज के साथ वसूल होगी। कोर्ट ने आदेशों को लेकर आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के साथ ही प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों से विवरण एक माह में मांगा है। 27 अप्रैल को मामले की सुनवाई होगी। वहीं यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने साफ कहा कि केवल बच्चों की शादी तय करने या रिश्ते खोजने के लिए किसी कैदी को पैरोल नहीं दी जा सकती।

### मुख्तार पर हमले के आरोपी बृजेश सिंह समेत पांच आरोपी बरी, कोर्ट में आरोप नहीं हुए साबित

**लखनऊ।** यूपी के मऊ से माफिया विधायक मुखतार अंसारी पर 22 वर्ष पहले जानलेवा हमले के मामले में राजधानी लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, आनंद राय, सुनील राय और अजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने देर शाम करीब 6रू30 बजे आरो. पियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर पाए। ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। इसके पहले बृजेश सिंह, आनंद राय और सुनील राय कोर्ट में हाजिर हुए। जबकि, अन्य मामले में मिर्जापुर जेल में बंद त्रिभुवन सिंह और वाराणसी जेल में बंद अजय सिंह को पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

## सीएम योगी ने 665 नर्सिंग अफसरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बोले- कोई एक भी नियुक्ति पर सवाल नहीं उठा सकता, पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। एक भी नौकरी की पारदर्शिता व चयन प्रक्रिया पर विरोध का एक भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। ये नियुक्ति की प्रक्रिया जो सफलता पूर्वक सफल हो रही है।

मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है परिणाम क्या है, एक नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचिता पूर्वक होने से न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है। एक पक्ष वह है 2017 से पहले की सभी नियुक्तियां बाधित थी दूसरा पक्ष जो 9 लाख मैनपावर यूपी से जुड़ा, ए प्रतिभाशाली है, यंग ऊर्जा से भरपूर है। इसका लाभ है कि जो राज्य बीमारू था आज हमने उसे भारत की इकानमी का ग्रोथ इंजन बना दिया। जिस राज्य में वेतन देने के लिए पैसे नहीं थे आज वो रेवेन्यू सरप्लस हो गया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की आमदनी प्रतिव्यक्ति आय, देश के अंदर आबादी में सबसे ऊपर लेकिन आमदनी में सबसे नीचे के पायदान पर गिना जाता था। बाटम 6 में गिना जाता था, आज वह राज्य देश के अंदर टाप अर्थव्यवस्था में एक है। अपनी प्रतिव्यक्ति आय को 16 की तुलना में 3 गुना करने में सफलता मिली है। जीरो टालरेंस सिर्फ अपराध व अपराधियों के प्रति ही नहीं है। जीरो टालरेंस करप्शन के प्रति भी है। जीरो करप्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार पहले दिन से चल रही है। इसी लिए इस पूरी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी हो, किसी भी प्रकार से ह्यूमन इंटरफेयरस न हो इस बात को ध्यान में रख कर इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इसी का परिणाम है कि हर हफ्ता हम किसी न किसी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम से जुड़ते है।

## बहुजन भाईचारा महारैली में गरजे चंद्रशेखर

- आजाद समाज पार्टी सांसद ने आरक्षण और हक की लड़ाई को बताया सबसे बड़ा हथियार

**लखीमपुर।** यूपी के लखीमपुर खीरी स्थित शहीद नसीरुद्दीन मेमोरियल मैदान में आजाद समाज पार्टी की ओर से सम्राट अशोक की जयंती पर आयोजित बहुजन भाईचारा संवाद महारैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि यह तानाशाही सोच वाली सरकार है और अब इसके पतन का समय शुरू हो चुका है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर के संविधान की ताकत को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा कि हमारे अधिकार हमें किसी सरकार ने नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान ने दिए हैं। इन्हें कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जब-जब बहुजन समाज एकजुट हुआ है, तब-तब सत्ता को झुकना पड़ा है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले लोग हैं। अगर हमारे हक पर चोट होगी तो हम सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और संगठन के रास्ते पर चलें और अपने अधिक. ारों के लिए सजग रहें। तिकुनिया कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मोटर साइकिल से पीड़ितों तक पहुंचे। उन्होंने कहा हम अन्याय के खिलाफ हर हाल में खड़े रहेंगे, चाहे कितनी भी बाधाएं आएं। उन्होंने यह भी कहा कि वोट की ताकत से ही तिकुनिया कांड से जुड़े लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया गया, जो लोकतंत्र की असली ताकत है।

## यूपी में नोएडा एयरपोर्ट पर सियासी जंग शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती


**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता।

उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डा के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गए थे। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं बल्कि उस समय केन्द्र में रही कांग्रेस पार्टी की सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता। जहां तक सपा सरकार का सवाल है, तो इनका ज्यादातर समय उत्तर प्रदेश की ग़रीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, खासकर बीएसपी सरकार द्वारा समाज के कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिए गए ऐतिहासिक फैसलों व किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने के साथ-साथ बहुजन समाज में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित शिक्षण व मेडिकल संस्थानों व जिला आदि का नाम बदलने व उनके नाम पर बने स्थलों, स्मारकों, एवं पार्कों आदि की अनदेखी व उपेक्षा करने के नकारात्मक, जातिवादी व राजनीतिक द्वेष में ही ज्यादातर समय लगी रही, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। अतः इन सबके मद्देनजर यूपी की जनता से अपील है कि वे विरोधी पार्टियों की छलावापूर्ण राजनीति व बहकावे में ना आकर बी.एस.पी. के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त में विश्वास रखते हुए अपने व प्रदेश के विकास हेतु बीएसपी के आयरन नेतृत्व पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग से बेंच व उनके लिए अलग से प्रदेश बनाने का सपना ना जाने कब पूरा होगा?

### सास और ससुर को बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सास-ससुर को अपनी बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता या पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण पाने वालों की सूची में ससुर या सास शामिल नहीं किया गया है। यह फैसला न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की पीठ ने आगरा के राकेश कुमार और एक अन्य की आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर दिया है। आगरा निवासी याचियों ने परिवार न्यायालय में बहू से भरण पोषण की मांग करते हुए अर्जी दायर की, जिसे खारिज कर दिया। इस फैसले को याचियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवद्रा ने दलील दी कि याची वृद्ध, अनपढ़ और निर्धन हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



## ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा, जो 02 अप्रैल को जारी होगा।

वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 1 और 2 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह गुरुवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। सोमवार और शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही, जबकि मंगलवार और बुधवार को लिवाली को जोर रहा। बीएसई का संसेक्स पिछले सप्ताह 949.74 अंक (1.27 प्रतिशत) लुढ़ककर शुक्रवार को 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी इस दौरान



294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत टूटकर 22,819.60 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। बीईएल का शेयर सबसे अधिक पांच फीसदी टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का 4.69 प्रतिशत, ट्रेंट का 4.64, भारतीय स्टेट बैंक का 3.62, एचडीएफसी बैंक का 3.10, टाइटन का 3.09 और अडानी पोर्ट्स का 2.01 प्रतिशत फिसल गया। टाटा स्टील का शेयर 1.75 प्रतिशत, आईटीसी का 1.72, मारुति सुजुकी का 1.70, एनटीपीसी का 1.29 और इंडिगो का 1.16 प्रतिशत गिर गया।

### इंडिगो नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर शुरू करेगी उड़ानें


**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने रविवार को बताया कि नए मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगांव, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें शामिल होंगी। इन उड़ानों के साथ नवी मुंबई से और नवी मुंबई के लिए इंडिगो की सप्ताह में 400 से अधिक उड़ानें हो जाएंगी। विमान सेवा कंपनी ने आज ही गुजरात के भावनगर और महाराष्ट्र के नवी मुंबई के बीच भी उड़ान शुरू की है। इस मार्ग पर एटीआर विमान का परिचालन किया जा रहा है।

## चावल मजबूत, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट, दाल, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में नरमी रही जबकि खाद्य तेल और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 45 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,852 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपए टूटकर 2,797 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव दो रुपए बढ़कर 3,296 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल 68 रुपए और चना दाल पांच रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में 19 रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल का भाव चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा। बीते सप्ताह पाम ऑयल में औसतन 219 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। मूंगफली तेल 74 रुपए और सरसों तेल 48 रुपए फिसल गया। सूरजमुखी तेल की कीमत 30 रुपए और वनस्पति की 29 रुपए टूट गई। सोया तेल भी 145 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 44 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी 19 रुपए सस्ती हुई।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7708.92 रुपए, मसूर काली 8050.33 रुपए, मूंग दाल 10173.12 रुपए, उड़द दाल 10787.15 रुपए, तुअर दाल 11168.69 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपए और चावल 3852.10 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4298.78 रुपए और गुड़ 4991.02 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17656.22 रुपए, मूंगफली तेल 18698.00 रुपए, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपए, सोया तेल 14527.26 रुपए, पाम ऑयल 13241.65 रुपए और वनस्पति 14690.16 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## पान मसाला उद्योग से तीन गुना अधिक स्क्रैप में की गई टैक्स चोरी

लखनऊ, वार्ता

स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी का दायरा पान मसाला उद्योग की तुलना में तीन गुना से भी अधिक सामने आया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार, लोहा, तांबा और स्क्रैप से जुड़े मामलों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। जबकि, पान मसाला और तंबाकू सेक्टर में यह आंकड़ा लगभग 6000 करोड़ रुपये है।

उत्तर प्रदेश में भी स्थिति कुछ इसी तरह की है। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या पान मसाला उद्योग में टैक्स चोरी का भय दिखाकर जांच टीमों का फोकस वहां केंद्रित किया गया। जबकि, दूसरी ओर स्क्रैप से भरे ट्रक हाईवे पर बिना रोक-टोक गुजरते रहे। इस दौरान संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को अंजाम दिया गया। डायरेक्टोरेट जनरल आफ जीएसटी इंटेलिजेंस द्धडीजीजीआईऋ के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सेक्टर से जुड़े 1976 मामलों में 16,806 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। वहीं, पान मसाला और तंबाकू से जुड़े 212 मामलों में 5,794 करोड़ रुपये की चोरी सामने आई। वर्ष 2025-26 में इन मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि स्क्रैप नेटवर्क में प्रदेश की कुछ बड़ी इस्पात कंपनियों की संलिप्तता हो सकती है। प्रदेश में जीएसटी चोरी के खिलाफ जारी कार्रवाई में स्क्रैप माफिया के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। हाल ही में यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद में 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। नोएडा पुलिस ने भी फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में करीब 2,600 फर्जी फर्मों के शामिल होने की बात सामने आई है। मेरठ और गाजियाबाद को केंद्र बनाकर चल रहे 500 करोड़ रुपये के फर्जी इनवाइस रैकेट का भी भंडाफोड़ किया गया है। स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी मुख्यतः फर्जी इनवाइसिंग और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए की जाती है। इसके लिए प्रवासी मजदूरों या आम लोगों के आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर कागजी कंपनियां बनाई जाती हैं। ये फर्में आपस में केवल कागजों पर लेनदेन दिखाती हैं, जबकि वास्तविक रूप से कोई माल सप्लाई नहीं होता। छोटे कबाड़ियों से नकद में स्क्रैप खरीदकर व्यापारी उस पर मिलने वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट द्धआईटीसीऋ की कमी को फर्जी बिलों के जरिए पूरा करते हैं। एक ही स्क्रैप के बिलों को कई कंपनियों के बीच बार-बार घुमाया जाता है, जिससे नकली टर्नओवर बढ़ाया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए बिना वास्तविक व्यापार के करोड़ों रुपये का टैक्स क्रेडिट या रिफंड हासिल कर लिया जाता है।

## अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम

**लखनऊ।** मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है, जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा। मौसम विभाग के अनुसार 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

## दर्दनाक हादसे- दो मां और दो बच्चों की मौत, चारों को ट्रकों ने कुचला

लखीमपुर खीरी, वार्ता

- इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल

यूपी के लखीमपुर खीरी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पहले हादसे में लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर बाइक और डीसीएम में टक्कर हो गई। जिसमें छह माह की बच्ची और 28 वर्षीय मां शाहमीन की दर्दनाक मौत हो गई।

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया है। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे। उसी समय सामने से डीसीएम आ गई। बाइक चालक ने बताया डीसीएम चालक ने बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी शाहमीन और रशीदा बाइक से उछलकर डीसीएम के नीचे आ गई। पहिए के नीचे आए से छह माह की बच्ची रशीदा के दो टुकड़े हो गए और 28 वर्षीय शाहमीन के सीने के ऊपर हिस्सा कुचलकर अलग हो गया। जबकि बाइक चला रहे इसराइल द्ध29ऋ आफरीन छह वर्ष और पलक तीन वर्ष उछलकर दूसरी तरफ गिरने से बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से भागने के प्रयास में आगे जा रहे रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान लाया गया। जहां से ई रिक्शा चालक राजकुमार को छोड़कर चार लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने आकर डीसीएम मौके पर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया।

# प्रधानमंत्री के प्रयासों से उत्तराखंड पर्यटन को मिला नया आयाम: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून के इन्द्रानगर स्थित एक होटल में आयोजित प्रधानमंत्री के ष्मन की बातष् कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।




■ शीतकालीन पर्यटन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी ■ सीएम धामी ने सुना 'मन की बात' का १३२वां एपिसोड ■ जनप्रतिनिधियों संग साझा किए विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक अद्वितीय जनसंवाद मंच है, जो विश्व के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से दूरस्थ और कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के कोने-कोने में कार्य कर रहे उन लोगों का उल्लेख किया जाता है, जो सीमित संसाधनों में भी असाधारण कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। 'मन की बात' के माध्यम से ऐसे व्यक्तित्वों की कहानियां देशभर के नागरिकों तक पहुंचती हैं, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होता है। सीएम ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री अपने लगभग प्रत्येक कार्यक्रम में उत्तराखंड का विशेष रूप से स्मरण करते हैं। 'मन की बात' के कई एपिसोड में राज्य की शीतकालीन यात्रा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं भी उत्तराखंड के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं, जिनमें आदि कैलाश और उत्तरक.।शी जिले का हर्षिल-मुखवा क्षेत्र प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री के इन दौरों और उनके द्वारा किए गए उल्लेख का सकारात्मक प्रभाव राज्य के पर्यटन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सीएम ने कहा कि वर्तमान वर्ष में उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक राज्य में शीतकालीन यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं, जबकि आदि कैलाश क्षेत्र में 36,700 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच चुके हैं। यह संख्या राज्य के पर्यटन क्षेत्र में निरंतर बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड को ऑल-सीजन टूरिज्म हब बनाने की दिशा में तेजी से काम: धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष पर्यंत पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक 'ऑल-सीजन टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित हो सके। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, सड़क संपर्क में सुधार, आवासीय व्यवस्थाओं का विकास तथा डिजिटल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्थानीय लोगों की आजीविका बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए पर्यटन को एक प्रमुख माध्यम के रूप में विकसित कर रही है। ग्रामीण पर्यटन, होमस्टे योजना और धार्मिक पर्यटन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।


## नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**चमोली।** जनपद चमोली में पुलिस ने नाबालिग के दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुआ थी और पुलिस आरोपी तक पहुंच गई है। युवती के गर्भवती होने पर इस राज से पर्दा उठा था। नंदानगर थाने में विगत माह 30 जनवरी को एक व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई थी कि वर्ष 2025 में उनकी नाबालिग पुत्री को एक 24 वर्ष के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।आरोपी द्वारा किसी को भी ये बात बताने पर धमकी दी गई। बता दें कि पीड़िता के गर्भवती होने पर दुष्कर्म का यह मामला सामने आया था। जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा बताया गया कि नाबालिग युवती के पिता की तहरीर के आधार पर थाना नंदानगर में पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था और विवेचना महिला उपनिरीक्षक मीता गुसाईं को दी गई थी।

## जौलीग्रांट एयरपोर्ट में डिजी यात्रा किड्स जोन और फ्लाइब्रेरी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** देहरादून हवाई अड्डे पर सुविधाओं का विस्तार किया गया है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने वर्चुअली इन सुविधाओं का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं के शुरू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा यात्रियों की सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा इन सुविधाओं से हवाई यात्रियों का सफर और भी स्मार्ट और सुविधाजनक होगा।



■ केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने वर्चुअली इन सुविधाओं का किया उद्घाटन

जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की रविवार को शुरुआत गई। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा एयरपोर्ट को हाईटेक बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इन सुविधाओं का उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममो.हन नायडू द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने वर्चुअल अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना आम नागरिक के लिए देखा था वो अब साकार होने लगा है। एयरपोर्ट पर जो सुविधा प्रदान की जा रही हैं वह बेहद सस्ती हैं खाने-पीने की चीजों में भी मामूली शुल्क लगाया गया है. जिससे आम नागरिक भी हवाई सफर कर सके। कार्यक्रम के बाद एयरपोर्ट निदेशक एसएस नेगी ने कहा इससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा. एयरपोर्ट पर इन नई व्यवस्थाओं से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा. यह पहल देहरादून एयरपोर्ट को देश के आधुनिक एयरपोर्ट्स की श्रेणी में लाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बता दें देहरादून हवाई अड्डे के साथ-साथ, देश के सात अन्य हवाई अड्डों पर डिजी-यात्रा का उद्घाटन किया गया. उन्नचास हवाई अड्डों पर वाई-फाई सेवाएं शुरू की गईं. नौ हवाई अडडों पर किडस जोन सुविधाएं तथा पंद्रह हवाई अडुों पर फ्लाइब्रेरी प्रारंभ की गई. ये पहले भारतीय विमानन को किफायती, सुलभ, समावेशी एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ हवाई अड्डों को जीवंत एवं यात्री-अनुकूल स्थलों में परिवर्तित करने के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### इन सुविधाओं का हुआ आगाज़

- **डिजी-यात्रा:** यह बायोमेट्रिक श्फेसियल रिकग्निशनश तकनीक के माध्यम यात्रा सुगम होगी। यात्रियों को अब कतारों में नहीं लगना पड़ेगा।
- **नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा:** यह डिजिटल को बढ़ावा देती है. यात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान एयरपोर्ट पर बेहतर सुविधाएं और अपनों से जुड़ने के लिए नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा प्रदान करती है।
- **किड्स जोन:** यह बच्चों और परिवारों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक खेल क्षेत्र उपलब्ध कराता है. जिससे यात्रा का अनुभव बेहतर होता है।
- **फ्लाइब्रेरी:** यह हवाई अड्डा टर्मिनलों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्थापित की गई है। यह सुविधा देहरादून हवाई अड्डे के सेक्योरिटी होल्ड क्षेत्र के प्रथम ताल पर, स्पर्श हिमालय फाउंडशन, थानो, देहारादून के सहयोग से स्थापित की गई है।

# सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास

## प्रदेश भर में सरकारी आवासों के पुनर्निर्माण और नए निर्माण की योजना तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मुख्य सचिव आनंद बर्धन के दिशा-निर्देश पर सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने की व्यापक योजना पर काम कर रही है।

इस पहल का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों को बेहतर आवास उपलब्ध कराना है, बल्कि सरकारी आवासीय परिसंपत्तियों का व्यवस्थित रखरखाव और विस्तार सुनिश्चित करना भी है। राज्य संपत्ति विभाग के अनुसार लंबे समय से कई सरकारी आवास जर्जर हो चुके हैं, जिससे कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरकार अब ऐसे आवासों की पहचान कर उन्हें मरम्मत और पुनर्निर्माण के माध्यम से बेहतर बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है।

**जर्जर आवासों की पहचान, नए निर्माण की तैयारी:** सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौजूद जर्जर सरकारी आवासों का सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है। जिन भवनों की स्थिति बेहद खराब है, उन्हें या तो पुनर्निर्मित किया जाएगा या फिर उनकी जगह नए आधुनिक आवास बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जहां भी विभागीय या सरकारी भूमि उपलब्ध है, वहां आवश्यकता के अनुसार नए आवासीय परिसरों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इन आवासों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और कार्यस्थल के निकट रहने की सुविधा मिल सके। सरकार का मानना है कि बेहतर आवास मिलने से कर्मचारियों का कार्य परिवेश भी बेहतर होगा और वे अधिक दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।



■ धामी सरकार की पहल: सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगे बेहतर घर, जर्जर आवासों की जगह बनेंगे आधुनिक क्वार्टर

**कार्यों की निगरानी के लिए बनी उच्चस्तरीय समिति:** इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए राज्य संपत्ति विभाग के स्तर पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि, जर्जर भवनों और नए निर्माण की संभावनाओं का त्वरित सर्वेक्षण किया जाए।

सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, ताकि निर्माण और मरम्मत से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति मिल सके। इसके अलावा कार्यदायी संस्थाओं को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं। नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी की संभावना कम हो सके।

**सरकारी आवासीय ढांचे को मिलेगा नया स्वरूप:** समिति की बैठक में इन परियोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसके बाद विचार-विमर्श के पश्चात दोनों योजनाओं को स्वीकृति देने पर सहमति व्यक्त की गई। सरकार की इस पहल को प्रदेश में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बेहतर आवासीय सुविधाओं से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक कार्यों की दक्षता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### आने वाले समय में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाना लक्ष्य: डॉ आर. राजेश

राज्य संपत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में पुराने सरकारी आवास जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं, इसलिए उनकी पहचान कर मरम्मत और पुनर्निर्माण की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी विभागीय भूमि उपलब्ध है, वहां नए और आधुनिक आवासों का निर्माण कराया जाएगा, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिल सके। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सभी परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय मॉनिटरिंग व्यवस्था बनाई गई है। उनका कहना है कि सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में पूरे प्रदेश में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाना है, जिससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य परिवेश मिल सके।

### रेसकोर्स में बनेंगे नए आवास

राज्य संपत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन देहरादून के ओल्ड ऑफिसर्स कॉलोनी, रेसकोर्स क्षेत्र में भी नए आवासों के निर्माण की योजना बनाई गई है। यहां जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद खाली हुई भूमि पर श्रेणी-2 के 31 नए आवास बनाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। इसके अलावा 6 मार्च 2026 को इसी कॉलोनी में उपलब्ध अन्य भूमि पर श्रेणी-4 के 10 आवासों के निर्माण की योजना भी प्रस्तुत की गई। दोनों परियोजनाओं के लिए सिंचाई विभाग के परियोजना खंड द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन आवासों के निर्माण के लिए श्रेणी-2 के 31 आवासों पर लगभग 1458.56 लाख रुपये और श्रेणी-4 के 10 आवासों के लिए लगभग 743.95 लाख रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।

## अनुशासनहीनता व भ्रष्टाचार में भाजपा से रिजेक्ट हुए कांग्रेस में सिलेक्ट: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने उनके कहे शब्दों पर कांग्रेसी आपत्तियों को कांग्रेसी द्विअर्थी सोच का नतीजा बताते हुए कहा कि, जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। वहीं पुन: स्पष्ट किया कि जो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार के चलते भाजपा से रिजेक्ट हुए, वही कांग्रेस में सिलेक्ट हुए हैं। हालत ये है कि आने वालों से अधिक संख्या नाराज लोगों की है, कोई इस्तीफा तो कोई मौन धारण कर कोप भवन चला गया है।



■ कांग्रेस करे इस्तीफा या मौन धारण कर कोप भवन जाने वालों की चिंता

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने अपने बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल की आपत्ति को सिरे से नकार दिया। कहा, गलती बयान में नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं की द्विअर्थी सोच के तरीके में है। जो सोच कांग्रेस नेताओं के मन में अपने ही साथी नेताओं के प्रति रहती है, वही अर्थ उनको समझ में आया है। ऐसी स्थिति के लिए रामायण में पहले ही तुलसी दास जी कह गए हैं, 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी'।

उन्होंने एक बार फिर अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा, कुछ लोगों का कल कांग्रेस में शामिल होना, अंधे के हाथ बटेर लगने जैसा है। इनमें अधिकांश को भाजपा अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण के चलते बहुत पहले पार्टी से निकाल चुकी है। इन्होंने जनता के बीच जाकर भी चुनाव में अपना पक्ष रखा, वहां भी नकारे गए।

लिहाजा यह कहने में कोई संकोच नहीं कि भाजपा और जनता से रिजेक्टेड लोग कांग्रेस के लिए सिलेक्टेड हो गए है। फिलहाल उनकी खुशफहमी उन्हें मुबारक, लेकिन भाजपा अनुशासन, नैतिकता और आचरण को लेकर कभी समझौता नहीं करती है।

### हरीश रावत के मौन व्रत और गुटबाजी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कसा तंज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हरीश रावत के मौन व्रत और गुटबाजी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में कुछ लोगों के आने से, बहुत सारे लोगों का अब जाना निश्चित हो गया है। संभवत उनके बड़े-बड़े नेता और सबसे बड़े नेता भी इस नई भर्ती से नाखुश हैं। कुछ इस्तीफा दे रहे हैं कोई मौन धारण कर कोप भवन में बैठ गए। लिहाजा आने वाले दिनों में जो थोड़े बहुत स्वाभिमान वाले बड़े और बहुत बड़े नेता भी वहां कुछ दिनों के मेहमान हो सकते हैं। लिहाजा अपने यहां आने वाले नेताओं की सूची से पहले कांग्रेस को अपने शेष बचे नेताओं की सूची संभालने की जरूरत है।

## उत्तराखंड में फिर मौसम बदलने की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज मौसम यू टर्न ले सकता है. जिसकी मौसम विभाग ने भी पूर्वानुमान जताया है. प्रदेश के मैदानी और पर्वतीय जिलों के अधिकांश इलाकों में बादल आंख-मिचौनी खेल रहे हैं. जिस कारण आज पहाड़ी जिलों में बारिश की संभावना बनी हुई है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज प्रदेश के 9 पहाड़ी जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अंदेशा जताया गया है।

साथ ही आकाशीय बिजली चमकने, झोंकेदार हवाओं लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं बारिश और बर्फबारी की चेतावनी के बीच लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

■ 9 जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावनाएं

देहरादून मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के उत्तरकाशी, देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश गरज व चमक के साथ हो सकती है। जबकि इन जिलों में 3300 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तराखंड के शेष जनपदों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश गरजना के साथ हो सकती है।

वहीं 3300 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने का अंदेशा जताया है। राज्य के पर्वतीय जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ आक.।शीय बिजली चमकने, झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है. जिसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

राजधानी देहरादून में सोमवार को आसमान मुख्यत: साफ रहने से लेकर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश होने, गरज के साथ बिजली चमकने / तेज हवा चलने की संभावना है।

## पीएम की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भले ही अभी दौरे की आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन प्रशासन और संगठन स्तर पर लगभग सभी अहम बिंदुओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस बार खास बात ये है कि पहली बार कैंट क्षेत्र स्थित महिंद्रा ग्राउंड प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा का गवाह बनने जा रहा है, जिससे पूरे राज्य में एक बड़ा राजनी.तिक संदेश देने की तैयारी है।

उत्तराखंड में इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे हो चुके हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी का दौरा राज्य की राजनीति और विकास योजनाओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। ये कार्यक्रम अप्रैल महीने के पहले हफ्ते में प्रस्तावित है, जिसके मद्देनजर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं।



■ महत्वपूर्ण परियोजना का कर सकते हैं लोकार्पण

हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद इस दौरे को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने न केवल पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे पर चर्चा की, बल्कि राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं और राजनीतिक परिस्थितियों की भी जानकारी दी।

इस बैठक के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की कवायद तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के इस दौरे की एक और बड़ी खासियत दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का संभावित उद्घाटन है। लंबे समय से इस परियोजना के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री के समय का इंतजार किया जा रहा था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इस महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर सकते हैं, जिससे उत्तराखंड और दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी।

## भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी हैं प्रासंगिक : सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महावीर जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

महावीर जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, शान्ति, सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम एवं आत्मसंयम का संद.ेश देता है।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा दी गई शिक्षा हमारे समाज में नैतिकता और सदाचार का संचार करने वाली है। भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

## रिप परियोजना: 74 आपदा प्रभावित उद्यम परिवारों को 93 लाख वितरित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छमरौली ग्राम पंचायत स्थित नागरा.जा मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए 74 उद्यमी परिवारों को 93 लाख से अधिक की सहायता राशि के चेक वितरित किए।



■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा, राज्य सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध

यह सहायता ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना के तहत प्रदान की गई, जिसमें ग्राम पंचायत फुलेत, छमरौली, सरोना, सिल्ला, सिम्यारी, शेरकी, सरखेत आदि प्रभावित गांवों के परिवारों को लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना ग्रामीण आजी.विका को सशक्त करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आपदा के बाद केवल राहत देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावित परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में यह सहायता राशि लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करेगी और उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता लाने में सहायक सिद्ध होगी। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ये समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार महिलाओं के आजीविका संवर्धन और उन्हें आत्मनिर्भरता को बढ़ाने की दिशा में लागातार प्रयासरत है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, श्याम लाल, धनश्याम नेगी, दीपक भट्ट, कविता, श्याम सिंह पयाल, रमेश नौटियाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# कालाबाजारी व जमाखोरी पर कड़ी निगरानी

## डीएम ने दिए विभाग को गैस आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार को स्पष्ट निर्देशित किया है कि जनपद में गैस आपूर्ति निर्बाध रूप होना चाहिए, साथ ही शासन एवं गैस एजेन्सियों से संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जनपद में घरेलू एलपीजी की प्राप्ति एवं वितरण की स्थिति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि पैनिक ना बने जिला प्रशासन लगातार शासन एवं गैस एजेन्सियों के संपर्क में है पर्याप्त मात्रा में गैस स्टाक उपलब्धता है।



जिला पूर्ति अधिकारी टिहरी गढ़वाल, मनोज कुमार डोभाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की प्राप्ति एवं वितरण की स्थिति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि विगत दिवस जनपद में स्थित एवं सेवा प्रदान करने वाली गैस एजेंसियों को कुल 2497 घरेलू एलपीजी सिलेंडर प्राप्त हुए। एजेंसियों द्वारा 2724 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का सफलतापूर्वक वितरण उपभोक्ताओं को किया गया। वितरण के उपरांत एजेंसियों के पास 4023 सिलेंडर शेष स्टॉक के रूप में उपलब्ध हैं।उन्होंने यह भी जानकारी दी की व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के लिए जनपद को प्रतिदिन 212 सिलेंडरों का आवंटन प्राप्त हो रहा है। प्राप्त आवंटन के अनुसार श्रेणीवार एवं एजेंसीवार वितरण सुनिश्चित कर दिया गया है तथा एजेंसियों को निर्धारित नियमों के तहत वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल द्वारा नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक गैस गोदामों, पेट्रोल पंपों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं होटलों सहित कुल 414 निरीक्षण किए जा चुके हैं, जिनमें 14 घरेलू गैस सिलेंडरों की जब्ती की कार्रवाई भी की गई है वहीं शिकायतों के निस्तारण हेतु जनपद मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में अब तक 85 शिकायतें दर्ज की गई हैं जिन पर निरंतर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। तथा उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर जनपदवासियों से अपील की जा रही है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति एवं वितरण पूरी तरह सामान्य है।

उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार ही गैस बुकिंग करें तथा सिलेंडर को पूर्व की भांति होम डिलीवरी या प्वाइंट डिलीवरी के माध्यम से प्राप्त करें। साथ ही जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे अपनी संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर इसे शीघ्र पूर्ण कर ले।

# धूमधाम से मनाया गया कस्तूरबा गांधी विद्यालय का वार्षिक समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़/उत्तरकाशी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टाइप-3 चिन्यालीसौड़ के वार्षिकोत्सव समारोह में छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने जीवंत प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।

रविवार को पीएम श्री जीआईसी चिन्यालीसौड़ परिसर स्थित विद्यालय में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा धारी राज्यमंत्री रामसुंदर नौटियाल, पालिकाध्यक्ष मनोज को. हली, उपस्थित रहे। इस श्री नौटियाल ने कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। चिन्यालीसौड़ के आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट




प्रदर्शन कर रही हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल ने की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आवासीय विद्यालयों में बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

वार्षिकोत्सव में बालिकाओं ने लोकगीत, लोकनृत्य, लोकनाटिका और विभिन्न प्रांतों के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत "संदेशे आते हैं" की प्रस्तुति को दर्शकों ने विशेष सराहना की है।

इस दौरान विद्यालय की वार्डन सुचिता पंवार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक गतिविधियों एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनोज कोहली, खंड शिक्षा अधिकारी जीएस नेगी, प्रधानाचार्य रमेश कोहली, अन्नराज भंडारी, डॉ. शशिप्रभा, सुमन बडोनी, विजय बडोनी, सुभाष नौटियाल, मालवंती रमोला, सोबन पंवार, उदयपाल परमार सहित अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जनगणना को लेक फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

■ **पीपीटी के माध्यम से प्रतिभागियों को दी गई विस्तृत जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के जिला मुख्यालय, नई टिहरी स्थित क्रीड़ा भवन में आयोजित जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तृतीय दिवस पर विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस की शुरुआत द्वितीय दिवस में कराए गए हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी मोबाइल ऐप आधारित प्रशिक्षण की समीक्षा से की गई। इस दौरान फील्ड ट्रेनर्स द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से दिए गए उत्तरों का परीक्षण एवं विश्लेषण कर उनकी दक्षता का आकलन किया गया। इसके उपरांत पीपीटी के माध्यम से प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गई कि वे अपने अधीनस्थ सुपरवाइजर्स एवं प्रगणको को किस प्रकार प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करें तथा विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का समाधान कैसे करें।

साथ ही, फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को मोबाइल ऐप के माध्यम से संपादित करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

# पेंग गांव में वन पंचायत की मजबूती पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** सीमांत जनपद के पेंग गांव में वन पंचायत को सशक्त बनाने और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क और जनदेश संगठन (कल्प क्षेत्र) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस बैठक में ग्रामीणों ने आगामी पांच वर्षों के लिए श्सूक्ष्म नियोजनश् तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वन पंचायत क्षेत्रों में जल संरक्षण और सघन वनीकरण के माध्यम से पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित किया जाएगा। चर्चा के दौरान निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर रखे गए प्रस्ताव में नमी संरक्षण



के लिए वनों में जल के स्रोतों को बचाने के लिए छोटी-छोटी योजनाओं का क्रियान्वयन। सघन पौधारोपण के लिए रिक्त पड़े वन क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण करना वन अग्नि सुरक्षा के लिए वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाना। जंगली जानवरों से बचाव के लिए 'चैन फेंसिंग' का प्रस्ताव रखा गया। वन पंचायत सरपंच राकेश राणा ने बैठक में सुरक्षात्मक उपायों की मांग करते हुए कहा कि खेती को जंगली जानवरों के नुकसान से बचाने के लिए चौन फेंसिंग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। वहीं, अनुभाग अधिकारी कुलदीप नेगी ने ग्रामीणों से जन-आधारित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।जनदेश के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी ने जोर देते हुए कहा, ष्प्रकृति के साथ-साथ मानव संसाधनों का विकास भी आवश्यक है। ग्रामीणों को अपने प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन खुद करने के लिए आगे आना होगा।ष वरिष्ठ कार्यकर्ता रघुवीर सिंह चौहान ने सुझाव दिया कि वन पंचायतों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रशिक्षण और बैठकों का आयोजन होना चाहिए। बैठक में शुभम कुमार, आयुष राणा, देवेंद्र बडवाल, मोहन सिंह, कुस राणा, जमन सिंह, नंदन सिंह, बलवंत सिंह समेत महिला मंगल दल की नौमा देवी, लीला देवी, आनंदी देवी, नंदी देवी, विशौधा देवी, राखी देवी और सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान, 28 वाहनों को किया चालान

**उत्तरकाशी।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिले भर में लगातार चौंकिंग अभियान जारी है।

रविवार को उपनिरीक्षक यातायात, लक्ष्मण सिंह चुफाल के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम ने जनपद मुख्यालय में वाहन चौकिंग अभियान चलाते हुये यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 28 वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई की गयी। वहीं शराब के नशे में वाहन चलाने पर 1 मोटर साइकिल चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया है। इससे पूर्व शनिवार को भी पुलिस ने 15 वाहनों का चालान कर एक वाहन चालाक को शराब के नशे की हालत पर पकड़ने पर चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया है।

चौकिंग के दौरान यातायात पुलिस की टीम द्वारा वाहन चालकों व राहगीरों को शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवरस्पीड, ओवर लोडिंग न करने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाने, तीन सवारी, आदि यातायात नियमों की उपयोगितायें बताते हुये सभी से यातायात व सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गयी। आगमी चारधाम यात्रा व सुगम यातायात प्रबन्धन हेतु स्थानीय व्यापारियों, कारोबारियों एवं लोगो को रोड पर अनावश्यक अतिक्रमण न करने व वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करने की हिदायत दी गयी।

### समाज को जागरूक करने में स्वयंसेवकों की भूमिका अहम: चंद्रशेखर

**गोपेश्वर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को कोठियालसैन स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में एक भव्य प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में समाज के ज्वलंत मुद्दों पर मंथन करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, संघ के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने अपने



संबोधन में संघ के शताब्दी वर्ष की रूपरेखा साझा की। उन्होंने श्पंच परिवर्तनश के सिद्धांत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहाष्संघ के स्वयंसेवक निरंतर समाज को नई दिशा देने की कवायद में जुटे हैं। आज युवाओं का राष्ट्रहित में बढ़-चढ़कर संघ से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि समाज में सकारात्मक बदलाव की लहर है। गोष्ठी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध नागरिकों ने क्षेत्रीय और सामाजिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। वक्ताओं ने आश्वासन दिया कि इन सुझावों और मुद्दों को उच्च स्तर पर विचारार्थ भेजा जाएगा। इस अवसर पर विभाग प्रचारक मनोज, जिला संघ चालक राजेंद्र पंत, जिला कार्यवाह विक्रम सिंह नेगी, सह विभाग कार्यवाह कालिका प्रसाद सेमवाल, हरक सिंह नेगी, अतुल शाह, हिम्मत सिंह, अधिवक्ता हरीश पुजारी, और नगर संघ चालक महेंद्र रावत सुरेंद्र सिंह, मनोज भट्ट, राकेश पुरोहित, अनिल नेगी, हरीश पुरोहित और देवेंद्र नेगी सहित संघ और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सीओ चंबा ने किया थाना थत्यूड का निरीक्षण

**नई टिहरी।** क्षेत्राधिकारी चंबा महेशचंद्र लखेड़ा की ओर से थाना थत्यूड का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, आगंतुक कक्ष, महिला व शिशु सहायता पटल, सीसीटीएनएस कक्ष और परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने थाना में उपलब्ध असलाह व आपदा संबंधी उपकरणों की भौतिक जांच कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित की। थाना अभिलेखों का अवलोकन करते हुए माल मुकदमाती, मुकदमाती वाहनों व अन्य लंबित मालों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी ने आपदा उपकरणों को कार्यशील रखने, पुलिस बल को सतर्क रहने और यात्रियों और पर्यटकों के साथ शालीन व मधुर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

# खेमडा में सामाजिक कार्यों में शराब होगी प्रतिबंधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत खेमड़ा में आयोजित ग्राम स्तरीय बैठक में सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। ग्राम प्रधान रजनी गुसाईं की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में शादी-समारोह, जन्मदिन, धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में शराब पिलाने व सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

यह निर्णय गांव को नशामुक्त बनाने और सामाजिक वातावरण को स्वस्थ व संस्कारित रखने के उद्देश्य



से लिया गया। साथ ही विधानसभा, लोकसभा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान शराब वितरण और सेवन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सामाजिक कार्रवाई के साथ 51 हजार रूपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। यह नियम 1 मई 2026 से प्रभावी होगा। बैठक में सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम समाज सुधार समिति का गठन भी किया गया। समिति में नारायण सिंह चंदेल को अध्यक्ष, देवकी पंवार को उपाध्यक्ष, जयपाल सिंह नेगी को सचिव, ममता देवी को सह-सचिव व रजनी देवी कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा पूजा, संपत्ति देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, दिलवर नेगी, बीना देवी व रीना को समिति सदस्य नामित किया गया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखने और गांव में सामा. जिक अनुशासन व सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शराब नहीं संस्कार मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने कहा कि आज जागरूक युवा प्रधान, युवा व महिलाएं अपने ग्राम को नशा मुक्त करने के लिए आगे आ रहे हैं। इसके लिए क्षेत्रीय लोगों का धन्यवाद करते हैं।

# धर्म को संकट में पड़ते देख धरती पर जन्मे श्रीकष्ण भगवान: हिमांश

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के पट्टी रौणद रमोली के ग्राम पंचायत भरपूर मे चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को बडी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर कथा वक्ता हिमांशु गैरोला ने बड़े ही सरस और मार्मिक ढंग से श्रीकृष्ण के अवतरण कथा सुनाते हुए कहा कि जब धरती पर अत्याचार बढ़ गया था और धर्म संकट में पड़ गया था तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लेकर अधर्म का नाश करने का संकल्प लिया और मध्यरात्रि के समय मथुरा की कारागार में देवकी और वसुदेव के यहां भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया और चारों ओर दिव्य प्रकाश फैल गया। वसुदेव के द्वारा शिशु कृष्ण को यमुना पार गोकुल ले जाने का प्रसंग सुनाते हुए उन्होने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म होते ही नंद बाबा और यशोदा मैया के घर आनंद और खुशी का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक केदार सिह कलूडा, भैरव देवता का औतारिया दिनेश कुमांई, ग्राम प्रधान थौडकी ममता देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष लंबगांव राजीव पंवार, सामाजिक कार्यकर्ता बलवेंद्र बरवाण, चंद्रमोहन चौडियाटा, कैलाश सिह, मूर्ति सिह, मुकेश कलूडा, आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने तीनधारा में आयोजित की जन जागरूकता गोष्ठी

■ **नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली देवप्रयाग पुलिस की ओर से पुलिस जन आपके द्वार अभियान के अंतर्गत कस्बा तीनधारा में जन-जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को विभिन्न सामाजिक व आपराधिक विषयों के प्रति जागरूक करना रहा।

गोष्ठी के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्रवासियों को समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इससे बचाव के उपाय बताए। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, महिला व बाल अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा उपायों पर भी विशेष जोर दिया गया।

साइबर अपराधों जैसे बैंक फ्राड, सोशल मीडिया ठगी और फर्जी काल से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सलाह दी गई कि किसी भी संदिग्ध काल या संदेश के झांसे में न आएं और ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

# वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति प्रशासन प्रतिबद्ध

■ **राजकीय संरक्षण में रह रहे लोगों को मिले गरिमापूर्ण जीवन और बेहतर सुविधाएं : डीएम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** समाज के वंचित और संवेदनशील वर्गों विशेषकर किशोरों और वृद्धजनों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं धरातल पर बेहतर तरीके से लागू करने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटा है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि राजकीय संरक्षण में रह रहे हर व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन उचित पोषण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।



रविवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य द्वारा विकासखंड डुंडा स्थित राजकीय सम्प्रेषण गृह (किशोर) और वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय संप्रेषण गृह में शिक्षा, खेलकूद और कौशल विकास के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आधुनिक शिक्षण सामग्री और परामर्श की निरंतर व्यवस्था की जाए। आवास की स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न की जाए।

इस दौरान वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बुजुर्गों का हाल-चाल जाना और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटूडा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# समाज को उत्कृष्ट बनाने के लिए आपसी द्वेष को करें समाप्त: सुनील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में रविवार को एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत शारीरिक प्रमुख सुनील उपस्थित रहे।




■ **एक श्मशान, एक मंदिर, और एक कुआँ की परिकल्पना पर दिया जोर** ■ **संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तरकाशी में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित**

उन्होंने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को उत्कृष्ट बनाने के लिए आपसी द्वेष भाव को समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि हिंदू समाज में किसी प्रकार की आपसी वैमनस्यता नहीं होनी चाहिए। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक बनने की आवश्यकता है, जिससे संपूर्ण समाज का उत्थान हो सके। उन्होंने "एक श्मशान, एक मंदिर, एक कुआँ" की परिकल्पना को अपनाने पर जोर देते हुए सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम सिंह पंवार ने की। इस अवसर पर लगभग 150 प्रमुख जन उपस्थित रहे। गोष्ठी में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए, जिनमें प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, वकील, पत्रकार, किसान, समूह प्रमुख, वरिष्ठ शिक्षक, इंजीनियर, होटल व्यवसायी और महिला समूहों की प्रतिनिधि शामिल थीं। कार्यक्रम में गुलाब नेगी (विभाग संघचालक), हिमांशु जोशी (जिला संघचालक), अजय (विभाग प्रचारक), मोहन कुमांई, देवी प्रसाद , गौतम , कमलेश्वर रतूड़ी , डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. जगदीश, अनूप, अरविंद रावत, अजीत, संदीप, राजबीर, जितेंद्र, विनय आदि लोग उपस्थित रहे।

# वांछित अभियुक्त विशाखापट्टनम से गिरफ्तार

नई टिहरी। जनपद पुलिस को शनिवार को सफलता हाथ लगी, जब थाना कैम्पटी में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने लगातार तकनीकी साक्ष्यों और सुरागरसी के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त रूपेश कुमार पुत्र रामेश्वर कापड़ी, निवासी ग्राम गोविंदपुर, दुमका (झारखंड), घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी। जांच के दौरान उसकी लोकेशन विशाखापट्टनम में मिलने पर पुलिस टीम तत्काल वहां रवाना हुई। स्थानीय पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# उत्तरकाशी में युवाओं की भजन मंडली का गठन, रोहित बने अध्यक्ष

■ **हनुमान चालीसा के नशामुक्ति और संस्कार शिक्षा का लिया संकल्प**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी मंदिर जीर्णोद्धार समिति द्वारा युवाओं को जोड़ते हुए "श्री राम रूद्र भजन कीर्तन मंडली" का गठन किया गया है। इस मंडली के उपाध्यक्ष के रूप में रोहित नौटियाल को नियुक्त किया गया है।

मंडली का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के माध्यम से युवाओं को धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। नगर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया जाएगा। इस मंडली का शुभारंभ रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला द्वारा किया गया।

इसके बाद मंडली ने नगर के भगवान बाल्मिक मंदिर, घरात मोहल्ला में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भी किया। मंडली के उपाध्यक्ष रोहित नौटियाल ने बताया कि 15 अप्रैल तक नगर के विभिन्न स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ और आरती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बच्चों को गायत्री महामंत्र, हनुमान चालीसा और दैनिक पूजा-अर्चना की जानकारी भी दी जाएगी। जिला सेवा प्रमुख मानसिंह रावत ने बताया कि बच्चों को संस्कारों के साथ-साथ शारी. रिक शिक्षा, सामाजिक ज्ञान और भारतीय त्योहारों की जानकारी भी दी जाएगी।

मंडली द्वारा निर्धन और गरीब परिवारों में निशुल्क भजन-कीर्तन तथा विवाह समारोहों में भी सेवा देने का संकल्प लिया गया है।

# पीएम की अपील पर, संकट में 1.25 करोड़ देवभूमिवासी एकजुट: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में जनसहभागिता के साथ मंडल स्तर पर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी गई। इस मौके पर उन्होंने कहा, पीएम की अपील अनुशार उत्तराखंड के सवा करोड़ लोग भी खाड़ी संकट पर देश के साथ खड़ा है। अब हम सभी कार्यकर्ताओं को संकट में राजनीति करने वालों की अफवाह से जनता को सतर्क भी करना है।



■ संकट में राजनीति करने वालों से जनता को सतर्क करें कार्यकर्ता: भट्ट ■ जनसहभागिता के साथ मंडल स्तर पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

इसी क्रम में उन्होंने डालनवाला बूथ पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, दुनिया खाड़ी संकट की त्रासदी से जूझ रहा है, लेकिन भारत पीएम मोदी की कुशल रणनीति से सुरक्षित है। देशवासी जानते हैं कि करोना जैसी महामारी से भी न्यूनतम नुकसान के साथ सबको बाहर निकालने वाले मोदी जी के हाथों में कमान है। लिहाजा इस युद्ध संकट से भी देश एकजुट होकर अवश्य पार पा लेगा। केंद्र सरकार ने अपनी रणनीति और कूटनीति से देश को युद्ध के नुकसान से प्रत्यक्षतः दूर रखा हुआ है। पेट्रोलियम पदार्थों एवं एलपीजी का प्रयाप्त स्टॉक है, लिहाजा किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। उस पर पीएम द्वारा मन से की गई धैर्य रखने और पैनिक नहीं करने की अपील देशवासियों के साथ प्रदेशवासियों के संकल्प को मजबूत करने वाली है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता विश्वास दिलाता है कि देवभूमि के सवा करोड़ से अधिक राष्ट्रभक्त, पीएम मोदी और देश की नीति के साथ पूरी हिम्मत के साथ खड़ा हुआ है। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि पीएम के कथन अनुशार, संकट का लाभ उठाने वाले नेताओं द्वारा फैलाई अफवाह से हमे लोगों को बचना है।

उन्होंने आज मन की बात का 132वाँ एपिसोड देहरादून महानगर के डालनवाला बूथ संख्या 135 पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय निवासियों के साथ सुना।

इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, टिहरी सांसद महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री खजान दास , प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल,सरकार में दायित्वधारी मधु भट्ट , श्याम अग्रवाल,महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल,मण्डल अध्यक्ष पूनम शर्मा एवं बूथ अध्यक्ष राहुल पँवार सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्छणस्यूं की बेटी ने रचा इतिहास, गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत



■ सभ्या नेगी का उत्तराखंड सीनियर महिला क्रिकेट टीम में चयन

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि ब्लॉक की बच्छणस्यूं पट्टी के मर्गांव (पणधारा) की होनहार क्रिकेटर सभ्या नेगी (24) ने उत्तराखंड सीनियर महिला क्रिकेट टीम में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है।

चयन की खबर मिलते ही गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। सभ्या के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-दामाऊं की थाप और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। हर कोई इस होनहार बेटी की सफलता पर गर्व महसूस करता नजर आया। सभ्या नेगी, दरबान सिंह नेगी की पुत्री हैं। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। एक छोटे से गांव से निकलकर क्रिकेट के क्षेत्र में पहचान बनाना उनके संघर्ष और समर्पण की कहानी बयां करता है। बतौर ऑलराउंडर सभ्या पहले भी उत्तराखंड महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। फाइनल मुकाबले में उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, जिससे चयनकर्ताओं का ध्यान उनकी ओर गया। ग्राम प्रधान पुष्कर सिंह बिष्ट ने कहा कि सभ्या नेगी ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है और वे अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

## एक नजर .......

### कैबिनेट मंत्री जोशी हुए श्रीमद् भागवत कथा में शामिल, लिया अर्शीवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के रेंजर ग्राउंड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कथा का श्रवण भी किया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने व्यासपीठ पर विराजमान प्रसिद्ध कथा वाचक देवकी नन्दन ठाकुर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा लोगों को धर्म और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।

### हिमालयन इंडस्ट्री एंड बिजनेस एक्सपो में विधानसभा अध्यक्ष ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जिला उद्योग केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हिमालयन इंडस्ट्री एंड बिजनेस एक्सपो के अंतर्गत कोटद्वार स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार की विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ऋतु खण्डूडी भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के उद्योग एवं व्यवसाय एक्सपो स्थानीय उद्यमियों, स्वरोजगार से जुड़े युवाओं एवं महिलाओं के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिससे स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलती है और रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उद्योगों को आगे बढ़ाएं और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान एक्सपो में विभिन्न उद्योगों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों एवं नवाच.ारों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई और उद्यमियों के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री दर्जाधारी ऋषि कंडवाल, महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग, सुनील गुप्ता, बालेन्द्र कुमार, मयंक कोठारी, ममता, विवेक अग्रवाल, जयदीप बिष्ट एवं अजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि चौरास पुलिस चौकी क्षेत्र में बड़ियारगढ़ रोड़ पर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से 12 बोतल और 8 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बताया कि दो पहिया वाहन को भी कब्जे में लिया गया है। बताया कि शराब की तस्करी करने पर अजय गैरोला (32 वर्ष) पुत्र ज्ञानानंद गैरोला, निवासी ग्राम सेरा भरदार, थाना रुद्रप्रयाग को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस टीम में दीपेन्द्र रावत, प्रदीप, हरीश चंद और करण आदि मौजूद रहे।

## जिला शाखा पौड़ी की प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के साथ प्रथम बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जिला शाखा, पौड़ी गढ़वाल की प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ, उत्तराखंड के साथ प्रथम औपचारिक बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना, चिकित्सकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करना तथा राज्य स्तर पर समन्वय स्थापित करना रहा। इस अवसर पर प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ अध्यक्ष डॉ रमेश कुंवर ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना एक सामूहिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन चिकित्सक हर परिस्थिति में सेवा देने के लिए तैयार हैं। साथ ही पौड़ी गढ़वाल से पहली धन्यवाद यात्रा की शुरुआत हो गई हैं। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के महासचिव डॉ यशपाल तोमर ने कहा की इस माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशस्त्र बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिव मोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय पौड़ी डॉ एलडी सेमवाल, प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के पदाधिकारी, जिला शाखा पौड़ी गढ़वाल के अध्यक्ष डॉ निशांत गर्ग, महासचिव डॉ सौरभ बोठियल, जिला शाखा के पदाधिकारी एवं विभिन्न चिकित्सालयों से आए वरिष्ठ एवं कनिष्क चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

## भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ कैंट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों, पार्षदगणों एवं कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में सहभागिता की।



■ दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए सीएम

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने संगठन को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए वर्ष 2027 में प्रस्तावित उत्तराखंड विधानसभा चुनावों की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के भीतर विचारधारा, अनुशासन एवं संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में एकात्म मानववाद विषय पर अपने विचार रखते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण से प्रेरणा लेकर सेवा पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर देहरादून के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा, "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं के लिए एक सशक्त मंच है, जो उन्हें वैचारिक रूप से समृद्ध और संगठनात्मक रूप से सक्षम बनाता है। मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। आने वाले 2027 विधानसभा चुनावों में भाजपा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका निर्णायक होगी।" कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सविता कपूर सहित मां नंदा देवी मंडल, स्वामी विवेकानंद मंडल एवं सरदार पटेल मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पार्षदगण तथा महानगर एवं प्रदेश स्तर के दायित्वधारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लोकरंग उत्सव में प्रस्तुतियों को देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**श्रीनगर।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान शोध संस्थान श्रीनगर में रविवार को केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सौजन्य और नगर निगम व पराज इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से लोकरंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, कश्मीर, हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों के विभिन्न लोकनृत्य एवं लोकगायन की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मेडिकल कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनिता रावत ने कहा कि आंच.लिक संस्कृति और वहां की लोक परम्पराओं से परिचय का ये अहम कारक साबित होता है और समय समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को भी देश के विभिन्न प्रान्तों में मौजूद वहां की संस्कृति और परम्पराओं को समझने का मौका मिल सके। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मजूद रहे।

## केदारनाथ धाम में बर्फ के बीच जंग, अलर्ट मोड में प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं।



जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रशासन की टीमें हर स्तर पर मुस्तैदी के साथ जुटी हुई हैं। केदारनाथ धाम क्षेत्र में जमी भारी बर्फ को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर लगातार जारी है, जिससे यात्रा मार्ग को समय रहते सुचारु किया जा सके। बर्फबारी के बीच भी पैदल मार्ग से लेकर धाम परिसर तक सफाई और रास्ता खोलने का अभियान लगातार चल रहा है। विषम परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड के बावजूद टीमें दिन-रात जुटकर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार करने में लगी हैं। इस चुनौतीपूर्ण कार्य में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और रुद्रप्रयाग पुलिस के जवान भी पूरी ताकत के साथ प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। जवान कठिन मौसम में अपनी जान जोखिम में डालकर बर्फ हटाने और मार्ग को सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही यात्रा मार्ग पर हर संभावित जोखिम को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं, ताकि यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा सकें।

## व्यायाम प्रशिक्षित बेरोजगारों ने केदारनाथ विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ भर्ती जल्द शुरू कराने का मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** शारीरिक प्रशिक्षित बेरोजगार संगठन के एक शिष्टमंडल ने भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर ऊखीमठ में पूजा-अर्चना करने के उपरांत केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल से मुलाकात कर उन्हें चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन ने प्रदेश में लंबे समय से लंबित व्यायाम शिक्षकों की भर्ती का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की।



विधायक आशा नौटियाल ने संगठन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही संगठन के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कराई जाएगी और व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता निकाला जाएगा। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य किया गया है, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश में शारीरिक शिक्षकों की भर्ती नहीं हो रही है। वर्ष 2006 के बाद से कोई भर्ती न होने के कारण लगभग 12 हजार से अधिक बीपीएड व एमपीएड प्रशिक्षित युवा बेरोजगार हैं, जिनमें से कई अभ्यर्थी आयु सीमा भी पार कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में अभी तक व्यायाम शिक्षकों के पद ही सृजित नहीं किए गए हैं, जबकि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्राथमिक से इंटरमीडिएट स्तर तक शारीरिक शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है।

ज्ञापन में संगठन ने मांग की कि नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक (व्यायाम) शिक्षकों के पद सृजित कर नियुक्ति की जाए। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित फाइल संख्या 77006 को वित्त विभाग एवं मंत्रिमंडल से मंजूरी दिलाई जाए। इंटर कॉलेजों में व्यायाम शिक्षक के प्रवक्ता पद सृजित कर भर्ती की जाए तथा प्रशिक्षित बेरोजगारों को नियुक्ति में आयु सीमा में छूट प्रदान की जाए। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र पाण्डेय सहित महेश नेगी, गोविन्द सिंह, रविंद्र सिंह, प्रदीप नेगी, महावीर सिंह और सतीश चंद्र उपस्थित रहे।

## मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्रोत: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के छमरौली (बूथ संख्या 99) स्थित नागराजा मंदिर प्रांगण में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण को सुना।




■ कैबिनेट मंत्री ने सुना प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 132वें संस्करण

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, जल संरक्षण, अमृत सरोवर अभियान, फिटनेस और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही भारत की आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हर एपिसोड में कुछ नया सीखने को मिलता है और यह कार्यक्रम केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और आमजन को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच है। मंत्री जोशी ने लोगों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनें और इससे प्रेरणा लेकर समाजहित में सक्रिय योगदान दें।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, श्याम लाल, धनश्याम नेगी, दीपक भट्ट, कविता, श्याम सिंह पयाल, रमेश नौटियाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मन की बात कार्यक्रम नागरिकों को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम: ऋतु खंडूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार की विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के पदमपुर स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में क्षेत्रवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देश के नागरिकों को प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें प्रधानमंत्री जी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरणादायक कार्यों, जनभागीदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर विशेष जोर देते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने, जल संरक्षण को अपनाने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे नागरिकों के उदाहरण प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। सभी ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उनसे प्रेरणा ली।

## जिलाधिकारी विशाल मिश्रा को बीकेटीसी के मुख्य कार्यकारी का दायित्व

■ मन्दिर समिति कर्मचारी संघ के सदस्य राम सिंह राणा ने जताई खुशी

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** जनपद के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा को श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति (बीकेटीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपे जाने पर विभिन्न संगठनों में हर्ष का माहौल है।

इसी क्रम में बद्री-केदार मन्दिर समिति कर्मचारी संघ के सदस्य राम सिंह राणा ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भेंट में राम सिंह राणा ने कहा कि मुख्य कार्याधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में मन्दिर समिति के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता, सुगमता एवं प्रभावशीलता आएगी। तथा तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ कर्मचारियों की समस्याओं का भी प्राथमिकता से समाधान होगा।



भेंट में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मन्दिर समिति की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि तीर्थ यात्रियों की सुविधा, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। ज्ञात हो कि श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक संस्थानों का संचालन करती है, जिसमें व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

ऐसे में जिलाधिकारी को यह दायित्व मिलने से प्रशासनिक स्तर पर बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई जा रही है।

### संतों और भक्तों ने स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का मनाया अवतरण दिवस

# प्रेरणादायी है धर्म, शिक्षा और मानव कल्याण में स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का योगदान : ज्ञानदेव सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री जयराम आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज का अवतरण दिवस संत महापुरूषों के सानिध्य में सादगी से मनाया गया। संतों और भक्तों ने स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को भगवान शिव की प्रतिमा भेंटकर और पुष्पवर्षा कर उन्हें अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी और उनकी दीघार्यू की कामना की।



इस अवसर पर संत समागम का आयोजन भी किया गया। संत समागम की अध्यक्षता करते हुए श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह ने स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का तिलक कर उन्हें अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाने के साथ अनेक शिक्षण संस्थानों का संचालन कर शिक्षा के क्षेत्र में भी अहम योगदान कर रहे हैं। धर्म संस्कृति, शिक्षा और मानव कल्याण में उनके योगदान से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को शुभकामनाएं दी। हरीश रावत ने कहा कि संत महापुरूषों से प्राप्त ज्ञान और उनके आशीर्वाद से जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। मदन कौशिक ने कहा कि स्वामी ब्रह्मचारी महाराज के नेतृत्व में श्री जयराम आश्रम सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान कर रहा है। मानव कल्याण में योगदान से सभी को प्रेरणा मिलती है। भारत माता मंदिर के महंत एवं निरंजनी अखाड़े के म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी व निर्मल अखाड़े के कोठारी महंत जसविन्दर सिंह ने कहा कि युवा संतों को स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के त्यागमयी जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उपस्थित संत महापुरूषों व भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी से प्राप्त ज्ञान व उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में संत समाज का आशीर्वाद भी उन्हें निरंतर प्राप्त हो रहा है। पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, सूर्यकांत धस्माना, रूड़की नगर निगम की मेयर अनीता अग्रवाल, रूड़की के पूर्व मेयर दीप शर्मा, हरिद्वार नगर निगम के पूर्व मेयर ने भी स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को शुभकामनाएं दी। आश्रम के ट्रस्टी भगतराम सिंगला, संजय सिंगला, राजेंद्र गर्ग, जयपाल सिंह, सोनी मिश्रा ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी हरिचेतनानंद, महंत रूपेंद्र प्रकाश, महंत रघुवीर दास, महंत राघवेंद्र दास, महंत ज्ञानानंद, महंत जमनादास, महंत देवानंद, महंत सूरज दास, महंत महेश पुरी, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, महंत सूर्यांश मुनि, आईडी शर्मा, डा. संजय पालीवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, छम्मन पीरजी, नईम कुरैशी, अयान कुरैशी, गंगाराम आडवाणी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# जिला जेल में योग केंद्र की स्थापना का एक वर्ष पूर्ण, हुआ वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला जेल में रविवार को भारतीय योग संस्थान के योग केंद्र की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधीक्षक मनोज कुमार आर्य की मौजूदगी रही, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मीरा रावत ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि व्यक्ति के व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव आता है। योग केंद्र के प्रमुख दीन दयाल के मार्गदर्शन में पिछले एक वर्ष से करीब 60 बंदियों को नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इससे बंदियों के स्वास्थ्य और दिनचर्या में सुधार के साथ-साथ उनके व्यवहार में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान योग शिक्षक सुरेश भट्ट, योग शिक्षक जय ध्यानी, प्रवीण कपिल, उप कारापाल श्वेता जोशी सहित योग साधिका पूजा जोशी, शिल्पी, अवनी सैनी, राधा रावत, सुनीता बहुगुणा, नीरज सैनी, सुषमा और कल्पना मौजूद रहे।



# इंस्पेक्टर चंद्रभान के कंधे पर ज्वालापुर कोतवाली की कमान

### एसएसपी नवनीत सिंह ने किए इंस्पेक्टर व एसओ के ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने देर रात जनपद में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई इंस्पेक्टर व थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस फेरबदल को पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अहम माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार, देहरादून से आए इंस्पेक्टर चंद्रभान अधिकारी को ज्वालापुर कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है, जबकि इंस्पेक्टर भगवान सिंह मेहर को कोतवाली मंगलौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, मंगलौर से इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह को बहादराबाद स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा, भगवानपुर में तैनात एसएसआई अंकुर शर्मा को बुग्गावाला थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इंस्पेक्टर रितेश शाह को नगर कोतवाली से हटाकर भगवानपुर भेजा गया है, जबकि ज्वालापुर से इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा को नगर कोतवाली की कमान दी गई है। इसी क्रम में इंस्पेक्टर विजय सिंह को बहादराबाद से झबरेड़ा स्थानांतरित किया गया है। वहीं, गैर जनपद से हरिद्वार आए उपनिरीक्षक सुखपाल सिंह मान को एसएसआई मंगलौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# महिला अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल में सोमवार से शुरू होगी ओपीडी सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चैनराय महिला अस्पताल परिसर में बने 200 बेड के अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस अस्पताल की ओपीडी सेवाएं सोमवार से शुरू होंगी। दूसरे चरण मे अस्पताल मे आई पीडी सेवाएं भी अपैल के पहले सप्ताह से शुरू कर दी जाएंगी

नोवस पैथोलॉजिस लिमिटेड और श्री स्वामी नारायण यूनिवर्सिटी अहमदाबाद द्वारा अस्पताल का संचालन किया जाएगा। अस्पताल संचालन समिति के डायरेक्टर मनोज मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में यह अपनी तरह का यह पहला अस्पताल होगा जहां उच्च स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लाभ आमजन को मिलेगा। अस्पताल में आने वाले मरीजों को मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नवजात एवं शिशु रोग, जनरल मेडिसिन और हड्डी रोग आदि सेवाओं के साथ 24 घंटे इमरजेंसी और फार्मेसी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। अस्पताल में आईएसओ प्रमाणित अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब की स्थापना की गई है। लैब के शुरू होने से मरीजों को जांच के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। अस्पताल में आयुषान योजना, गोल्डन कार्ड, ईएसआई, टीपीए आदि लगभग सभी योजनाओ में इलाज की सुविधा होगी। अस्पताल में एमसीएच पीजी कोर्स के संचालन के साथ आईवीएफ, सीएमई ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन भी किया जाएगा। अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.सुचिता सिंह, डा.सोनू राउत, डा.विभा कुमारी, नवजात एव शिशुरोग विशेषज्ञ डा.विकास एवं डा.स्मृति, एनस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर डा.श्वेता गौतम, जनरल मेडिसन डा.नीरज सैनी, डा.मनजीत सिंह, जनरल सर्जन डा.मुकेश, हड्डी जोड़ विशेषज्ञ डा.एके जैन, डा.अनंत जैन, डा.आदित्य मणि, पैथोलॉजिस्ट डा. संजीव गर्ग, रेडियोलॉजिस्ट डा.सुनंदा अग्रवाल सेवाएं प्रदान करेंगे।



# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिगा को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को पथरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। शुक्रवार को पथरी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली को बहला फुसलाकर गन्ने के खेत मे ले जाकर दुष्कर्म करने वाले एक नामजद व दो अज्ञात युवकों के खिलाफ नाबालिग युवती के पिता की तहरीर पर सम्बंधित धराओं में मुकदमा दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गांव भुवापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम मनीष पुत्र बबलू निवासी बादशाहपुर बताया पुलिस ने आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नाबालिग युवती से दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में एसआई विपिन कुमार, एसआई शाहिदा परवीन, कांस्टेबल रविंद्र बिष्ट व मुकेश चौहान शामिल रहे।



# वॉलीबॉल मैच के दौरान मामूली विवाद में हुई झड़प, कई लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव में शनिवार रात वॉलीबॉल मैच के दौरान हुआ मामूली विवाद झड़प में बदल गया। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अलीपुर निवासी ईसम सिंह का पुत्र मनजीत गांव में आयोजित वॉलीबॉल मैच देखने पहुंचा था। इसी दौरान गांव के ही एक युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उक्त युवक ने अपने परिजनों को बुला लिया और सभी ने मिलकर मनजीत के साथ मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर मनजीत के ताऊ अशोक कुमार मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस दौरान उनके सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों पर भी हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे कई लोग चोटिल हो गए। पुलिस जानकारी के अनुसार ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 3 अप्रैल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला मुक्केबाजी संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर 3 अप्रैल से आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय यूथ मुक्केबाजी प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा की। विवेक विहार स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग ने बताया कि बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की रही प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 97 एवं बालिका वर्ग में 57 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। सभी टीम और खिलाड़ी 2 अप्रैल को योगस्थली खेल परिसर रोशनाबाद हरिद्वार पहुंच जाएंगे। उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोहन सहगल ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड के 10 जिलों एवं 10 स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम प्रतिभाग करेंगी। जिनमें अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग आदि जनपद एवं स्पोर्ट्स कॉलेज में एसटीसी काशीपुर, पिथौरागढ़ गर्ल्स स्पोर्ट्स छात्रावास, महाराणा प्रताप बालक स्पोर्ट्स कालेज पिथौरागढ़, टनकपुर स्पोर्ट्स कालेज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज देहरादून, कोटद्वार स्पोर्ट्स कालेज आदि शामिल हैं। रोहन सहगल ने बताया कि प्रतियोगिता के सुचारु संचालन के लिए 20 तकनीकी विशेषज्ञ भी हरिद्वार आ रहे हैं। जिनमें कुछ विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। सचिव विपिन चौधरी ने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित स्पोर्ट्स कालेज के खिलाड़ी बहुत मेहनती एवं तकनीकी रूप से माहिर होते हैं पिथौरागढ़ जिले का विगत 3 दशकों से बॉक्सिंग में विशेष योगदान रहा है। उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित बॉक्सिंग ट्रेनिंग कैंप व स्पोर्ट्स कालेज के कोच भी खिलाड़ियों पर मेहनत कर रहे हैं। सभी के योगदान उत्तराखंड में बॉक्सिंग नंबर 1 खेल बन गया है। बॉक्सिंग खेल में हर साल उत्तराखंड के दो-तीन नए खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे हैं, जो उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है। हरिद्वार बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नवीन चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों, टीम मैनेजर और कोच को बेहतर सुविधएं उपलब्ध करायी जाएंगी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के प्रयासों से हरिद्वार में भी मुक्केबाजी खेल का प्रचलन बढ़ रहा है। हरिद्वार में मुक्केबाजी खेल को बढ़ावा देने के लिए विगत 10 वर्षों से हरिद्वार के गुरुकुल नारसन, लिबरहेड़ी, रुड़की, बहादराबाद, नवोदयनगर तथा रोशनाबाद में प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष सुधीर जोशी ने कहा कि हरिद्वार से कई प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आए हैं। बैठक में रोहन सहगल, डा.विशाल गर्ग, विपिन चौधरी, राकेश चौधरी, सुनीता चौधरी सहित सभी सदस्य शामिल रहे।

# गीतों के रंगों से सजा 'इन्द्रधनुष', भव्य कार्यक्रम में हुआ लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भेल उपनगरी के सैक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में चेतना पथ फाउंडेशन की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कवि, साहित्यकार एवं चेतना पथ के संपादक अरुण कुमार पाठक के सात गीतों के ऑडियो एलबम 'इन्द्रधनुष' का लोकार्पण किया गया। साथ ही मासिक पत्रिका 'चेतना पथ' के छठे वर्ष के प्रवेशांक (अप्रैल 2026) का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गजल गायक एवं सारेगामा टीवी शो के विजेता डॉ. अनुराग शर्मा, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, भेल नई दिल्ली से सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक बलवीर तलवार तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम में एलबम 'इन्द्रधनुष' के गीतों की प्रस्तुति हरिद्वार के लोकप्रिय कलाकारों द्वारा दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवीर तलवार ने की। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य लोग एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे, जिनमें प्रेम शंकर शर्मा 'प्रेमी', डॉ. श्वेता शरण, रीना, मीनू चावला, अरविंद दुबे, अर्चना झा, भारती मिश्रा, संतोष कुमार साहू, रेखा सिंगल, सुमन पेंट, आशा सनी, मीना भारद्वाज, इंद्रपाल वर्मा, डॉ. नरेश मोहन, विजेंद्र पालीवाल, ललित जिंदल, शशि रंजन चौधरी, विजेंद्र तलवार सहित बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के साहित्यकारों, कलाकारों और नागरिकों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली।



# बिजली की आंख मिचोली से शहरवासी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गर्मियों की दस्तक के साथ ही बिजली विभाग की लापरवाही भी सामने आने लगी है। ज्वालापुर क्षेत्र के कई इलाकों में लगातार हो रही बिजली की आंख मिचोली ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। रविवार को हालात इतने खराब रहे कि सुबह से ही शहर के कई क्षेत्रों में घंटों-घंटों तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार उपखण्ड द्वितीय क्षेत्र के कटहरा बाजार, अंसारी मार्केट, मौहल्ला कोटरवान, मंडी का कुआं, पुरानी बकरा मार्केट, कड़च्छ, शाह गली, मैदानियान, घोसीयान और धीरवाली जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में लगातार बिजली कटौती से लोगों का सब्र जवाब दे गया। बिना किसी पूर्व सूचना के किए जा रहे शटडाउन ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिजली संकट का सबसे अधिक असर छोटे कारोबारियों पर देखने को मिला। डेरी व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से दूध, दही और अन्य उत्पाद खराब होने का खतरा बना हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं, सैलून और अन्य छोटे प्रतिष्ठान भी दिनभर ठप पड़े रहे, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर साल गर्मियों की शुरुआत होते ही बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है, लेकिन इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस सुधार नहीं किया जाता। लोगों ने विभाग पर लापरवाही और अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। वहीं, इस संबंध में एसडीओ-सस अर्चना ने बताया कि शटडाउन की समस्या की जांच कराई जाएगी और जल्द ही स्थिति में सुधार के प्रयास किए जाएंगे।




# दूसरी बार धर्मेंद्र चौधरी के सिर अध्यक्ष का ताज, प्रेस क्लब के चुनाव संपन्न

### महामंत्री के पद पर सूर्यकांत बेलवाल ने की जीत दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब हरिद्वार के वार्षिक चुनाव में धर्मेंद्र चौधरी को फिर से अध्यक्ष चुना गया और सूर्यकांत बेलवाल महामंत्री चुने गए। रविवार को प्रेस क्लब सभागार में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) की अगुआई वाले एलायंस की बड़ी जीत हुई। धर्मेंद्र चौधरी ने अपने प्रतिद्वंदी अश्वनी अरोड़ा को 50 वोटों से हराकर अध्यक्ष पद पर बड़ी जीत दर्ज की जबकि महामंत्री पद पर सूर्यकांत बेलवाल ने हिमांशु द्विवेदी को 52 वोटों से शिकस्त दी। धर्मेंद्र चौधरी को कुल मिलाकर 84 वोट प्राप्त हुए जबकि सहयोगी यूनियन जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखंड के सूर्यकांत बेलवाल को चुनाव में 86 वोट मिले। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्यों में संजीव शर्मा, डॉक्टर शिवा अग्रवाल, कुमार दुष्यंत, शैलेंद्र सिंह, कुमकुम शर्मा, सुदेश आर्या, बालकृष्ण शास्त्री, तनवीर अली, केके पालीवाल, अमित कुमार शर्मा, ललितेंद्र नाथ, जोगेंद्र सिंह मावी, रोहित सिखोला, विकास चौहान, देवेंद्र शर्मा, कुलभूषण शर्मा, नरेश दीवान शैली, आफताब खान, शिव प्रकाश शिव और महताब आलम ने जीत दर्ज की। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग, सहायक चुनाव अधिकारी डॉ मनोज सोही और सहायक चुनाव अधिकारी लव शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई।



जीत दर्ज करने के बाद सभी साथी पत्रकारों ने अध्यक्ष और महामंत्री समेत जीत दर्ज करने वाले सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। शुभकामनाएं देने वाले में डॉ शिव शंकर जायसवाल, आदर्श त्यागी, सुनील दत्त पांडे, रामचंद्र कन्नौजिया, बृजेंद्र हर्ष, गुलशन नैय्यर, दीपक नौटियाल, राजेश शर्मा, राहुल वर्मा, सुनील पाल, विक्रम सिद्धू, त्रिलोक चंद भट्ट, राजकुमार, पार्षद भूपेंद्र कुमार, व्यापारी नेता डॉ विशाल गर्ग, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा, कांग्रेस नेता मनोज सैनी, कांग्रेस नेता सोम त्यागी, विकास चंद्रा, श्रवण झा, गुरप्रीत कालरा, प्रतिभा वर्मा, मुकेश वर्मा, सुभाष कपिल, राव रियासत पुंडीर, राधेश्याम विद्याकुल, नवीन चौहान, मनोज रावत, स्वरूप पुरी, एम एस नवाज, आशीष मिश्रा, पुलकित शुक्ला, सुमित यशकल्याण, राजकुमार पाल और सोनू शामिल रहे।


**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी राकेश कुमार पुत्र श्री निरंजन, बढेडी, राजपुतान, रूड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड की एक संपत्ति जो स्थित कुल क्षेत्रफल 980 वर्गफुट है खसरा नंबर-230 है जो स्थित ग्राम सुमन नगर, परगना रूड़की तहसील व जिला हरिद्वार है जो कि दिनांकित 10/03/2011 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही नंबर-1 जिल्द नंबर-212 पेज नंबर-93-104 और दस्तावेज संख्या-1579 है। यह मूल विक्रय पत्र वास्तव में खो/गुम हो गया है। इस संबंध में पुलिस में गुमशुदगी दर्ज की गयी है। यदि इस संपत्ति/विक्रय पत्र से किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक इत्यादि का कोई मतलब या वास्ता हो तो अद्योहस्ताक्षरी को 15 दिन के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी को सूचित करें। 15 दिन के बाद किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा। प्रशांत राजपूत, अधिवक्ता, कार्यालय-एफ-19, त्यागी कॉम्प्लेक्स, अपोजिट तहसील ज्वालापुर, हरिद्वार, मोबाइल नंबर-9368047242 व 9412941847



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com


# राजस्व लक्ष्य पूरा करने को रविवार को भी मैदान में डटी एक्सईएन रवि कुमार की टीम

### डोर-टू-डोर पहुंच सख्ती के साथ चलाया जा रहा राजस्व वसूली अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राजस्व वसूली को लेकर ज्वालापुर क्षेत्र में ऊर्जा विभाग का विशेष अभियान रविवार को भी पूरे जोर-शोर से जारी रहा। अधिशासी अभियंता रवि कुमार के निर्देश पर विभागीय टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए डोर-टू-डोर पहुंचकर बिल वसूली में जुटी रही।

एसडीओ-II शिल्पी सैनी के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं को मौके पर ही बकाया जमा करने की सख्त हिदायत दी गई। चेतावनी के बावजूद बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उनके बिजली कनेक्शन काट दिए।



इसके अलावा कुछ मामलों में टीम ने मीटर भी उतरवाकर जब्त कर लिए, जिससे बकायेदारों में हड़कंप मच गया। विभाग की इस सख्ती का असर साफ तौर पर नजर आ रहा है और राजस्व वसूली में भी तेजी आई है। वहीं, अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए अभियान के तहत सख्ती कर दी गई है। बकायेदारों द्वारा बिल का भुगतान नहीं किया जाता है तो मीटर उतारने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस दौरान लाइनमैन मोबिन हसन सहित अन्य विभागीय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# होटल में पार्टी के दौरान डीजे बजाने को लेकर भिड़े पांच लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** होटल में पार्टी के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में कोतवाली रानीपुर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला शिवालिक नगर स्थित होटल विस्तारा का है। होटल में देर रात पार्टी चल रही थी। शराब के नशे में पार्टी में शामिल कुछ लोगों और डीजे संचालक का डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट होने लगी। लड़ाई झगड़े की सूचना मिलने पर गैस पलांट चौकी इंचार्ज एसआई विकास रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षा को समझाने का प्रयास किया। समझाने पर भी जब मारपीट कर रहे लोग नहीं माने तो पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों राजकुमार पुत्र सुमनपाल निवासी रावली महदूद, अभिमन्यु चौहान पुत्र अर्जुन चौहान निवासी सीतापुर, अनुज झा पुत्र प्रमोद झा निवासी सीतापुर, चितरंजन पुत्र बाबूराम निवासी रावली महदूद व रजत पुत्र बाबूराम निवासी रावली महदूद को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।



# डीएम बंसल ने सरकारी अस्पतालों में देखी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून** ।जनपद देहरादून में आमजन को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सरकारी चिकित्सालयों में लैब टैक्निशियन, कक्ष सेविका, वाहन चालक, पयार्वरण मित्र सहित 34 आउटसोर्स कार्मिकों की तैनाती जिला प्रशासन ने अपने स्तर से कर दी है, ताकि चिकित्सालय में जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने शहर से लेकर दूरस्थ क्षेत्र त्यूनी तक किय गए स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालयों प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी के निरीक्षण के



**जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय मसूरी व ऋषिकेश, माडल टीकाकरण केन्द्र, एसएनसीयू शव विच्छेदन गृह सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूणी व चकराता में डीएम ने तैनात करवाए 34 कार्मिक,**

दौरान चिकित्सालय में मैनपॉवर की कमी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन स्तर से बजट स्वीकृत करते हुए चिकित्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से कार्मिक रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के प्रयासों में जिला चिकित्सालय के मॉडल टीकाकरण केन्द्र में डीईओ, कक्ष सेविका, पर्यावरण मित्र, चतुर्थ श्रेणी सहित 07 कार्मिक नियुक्त किए हैं। इसी प्रकार उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश में 2 लैब टैक्निशियन, कक्ष सेवक सहित 13 कार्मिक नियुक्त किए हैं। उप जिला चिकित्सालय मसूरी में 3 स्वयंसेक, व 3 पर्यावरण मिश्र सहित 07 कार्मिको की तैनाती की गई है। एसएनसीयू कोरोनेशन हेतु 02 वाहन चालक, शव विच्छेदन गृह 01 कार्मिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूनी में कक्ष सेविका, पर्यावरण मित्र, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चकराता 2 कक्ष सेविका सहित चिकित्सालयों में 34 कार्मिकों की आउटसोर्स से तैनाती की गई जिनके वेतन की स्वीकृति जिलाधिकारी ने जिला योजना से प्रदान की है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में अवस्थित राज्य के पहले मॉडल टीकाकरण केंद्र के सुचारु संचालन हेतु 7 कार्मिकों की तैनाती की गई है। उप जिला चिकित्सालय मसूरी में 13 तथा ऋषिकेश क्षेत्र के चिकित्सालयों में 6, जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में 2, शव विच्छेदन गृह में 01, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्यूीन में 2 तथा साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्छ चकरात में 2 अतिरिक्त कार्मिकों की व्यवस्था कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु भी व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अतिरक्ति चिकित्सालय में विभिन्न माध्यमों से कार्यरत कार्मिकों के सेवाविस्तार के साथ-साथ आवश्यक बजट की स्वीकृति प्रदान की गई है। मानव संसाधन के रूप में चिकित्सालयों में अनुसेवक, पर्यावरण मित्र, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं लैब तकनीशियन की तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के लिए विभिन्न माध्यमों से कार्मिकों की तैनाती की गई थी। इसी क्रम में, आउटसोर्स एजेंसियों जैसे उपनल एवं पीआरडी तथा नियत वेतन पर कार्यरत कार्मिकों की सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी मार्च 2027 तक उनके सेवाविस्तार की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# नशे की हालत में बुजुर्ग महिला से मारपीट करने पर तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने नशे में घुत तीन युवकों को बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। तीनों युवकों के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है। पीडिता 67 वर्षीय मुन्नी देवी ने बताया कि शनिवार देर रात्री फरासू के पास नशे में घुत तीन युवक बांस के डंडे लेकर दुकान पर पहुंचे, बुजुर्ग महिला ने जब युवाको के हाथ में बांस के डंडे देखे तो उन्होंने दुकान का सटर बंद कर दिया।

जिसके बाद युवकों द्वारा सटर पर जोर-जोर से लात मारने लगे। इस दौरान युवको द्वारा गाली ग्लौज भी कि गई। जब बुजुर्ग महिला द्वारा इसका विरोध किया गया तो तीन युवकों द्वारा बुजुर्ग महिला के साथ अभद्रता और हाथपाई करने लगे।



इसी बीच बुजुर्ग महिला को छुडवाने पहुंची उनकि दोनों बहुओं पर भी युवकों द्वारा हाथपाई की गई। जिसमें बड़ी बहू बेहोश होकर गिर पड़ी। चीखने और चिलाने की आवाज से अगल-बगल के लोग एकत्रित हुआ। इस दौरान तीनों युवकों द्वारा पत्थरों से हमलाभी किया गया। जिसके बाद मौके पर पुलिस को बुलाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि डयल 112 द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ युवक शराब पीकर हंगामा कर रहे है। बताया कि सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग करते हुए महिलाओं के साथ अभद्रता करने पर तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

बताया कि हुडदंग और बुजुर्ग महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने पर 26 वर्षीय सौरभ सिंह निवासी नौलापुर, थैलीसैंण, 21 वर्षीय रोहित सिंह निवासी मचकंडी, रूद्रप्रयाग और 28 वर्षीय रोहित कुमार रोहित कुमार ग्राम पमसोला कल्जीखाल पौड़ी गढ़वाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक जियो कंपनी में कार्यरत है।

# प्रतिभा ने 17वीं ओपन पुरुष/महिला चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने दी बधाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल ने इंदौर मध्य प्रदेश में 29 मार्च को सीनियर पुरूष/ महिला ओपन बाडी बिल्डिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है ।रवीन्द्र जुगरान ने उन्हें दूरभाष पर बधाई दी और कहा कि यह उत्तराखण्ड व भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। रवीन्द्र जुगरान ने अवगत कराया कि इसी वर्ष फरवरी में प्रतिभा थपलियाल ने 16 वीं राष्ट्रीय महिला बाडी बिल्डिंग चौंपियन शिप में करीमनगर तेलंगाना में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया था । वर्ष 2023 में भी वे राष्ट्रीय महिला बाडी बिल्डिंग चौंपियन शिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रवीन्द्र जुगरान ने बताया की प्रतिभा थपलियाल इससे पूर्व विश्व चौंपियन शिप व ऐशियन चौंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त कर चुकी हैं।




# सेलाकुई पुलिस के हत्थे चढ़े बरेली के दो नशा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** एसएसपी दून की सटीक रणनीति से नशा तस्करों की हर कड़ी को तोड़ती हुए मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त बरेली के 2 नशा तस्कर सहित 3 व्यक्तियों को सेलाकुई पुलिस की गिरफ्त में'आए। पुलिस ने आरोपियों के पास एक नशा तस्कर को 12.20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से पुछताछ में पछवादून में सक्रिय बरेली के 2 अन्य नशा तस्करों के नाम प्रकाश में आए थे। जिनको गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुक. दमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

थाना सेलाकुई पर गठित पुलिस टीम द्वारा द्वारा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान बीते रोज 28 तारीख को 1 आरोपी कुर्बान अहमद पुत्र फुरकान अहमद निवासी शंकरपुर थाना सहसपुर को 12.20




ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि वह शंकरपुर सहसपुर का रहने वाला है तथा मजदूरी का कार्य करता है उसकी मुलाकात मुजम्मिल तथा शादाब निवासी बरेली से हुई, जिसके द्वारा उसे स्मैक बेचकर अधिक मुनाफा कमाने वाली बात बताई गई, जिस पर लालच में आकर आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी के लिप्त हो गया। बरामद स्मैक को भी आरोपी उपरोक्त दोनों से ही खरीदकर लाया था, जिसे वह नशा करने वाले स्थानीय व्यक्तियों व शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को अधिक दामो में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में था, पर उससे पूर्व ही पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त से पूछताछ के आधार पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकाश में आये 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में उनका पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी में जेल जाना प्रकाश में आया है, जिनके आप. राधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस टीम में उ०नि० पी०डी० भट्ट, थानाध्यक्ष सेलाकुई, उ0नि0 सुमेर सिंह, उप निरीक्षक प्रवेश रावत, हेड कांस्टेबल नीरज शुक्ला, कांस्टेबल बृजेश शामिल रहे।

## एक नजर .......

### सट्टे की खाईबाड़ी करते दो गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस द्वारा 2 जुआरियों को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए रंगे हाथ पकड़ कर किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने कब्रिस्तान सहसपुर व लक्ष्मीपुर स्थित बगीचे के पास से सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाकर सट्टे की खाई करते हुए 2 आरोपियों अकबर पुत्र असगर निवासी रेडापुर कोतवाली सहसपुर व फरीद पुत्र स्व. अयूब महमूदनगर शंकरपुर सहसपुर के कब्जे से सट्टा पर्ची, डायरी व पेन व नकदी बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया। जिन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल डबल सिंह व धमेंद्र सिंह, सिपाही नवबहार व विकास त्यागी शामिल रहे।

### फिताड़ी अग्निकांड: पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रीतम सिंह, सरकार पर साधा निशाना

**पुरोला / उत्तरकाशी ।** जनपद के मोरी विकासखंड के सुदूरवर्ती फिताड़ी गांव में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह चौहान पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द सुना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रीतम सिंह चौहान ने कहा कि इस अग्निकांड में कई परिवारों की वर्षों पुरानी मेहनत और विरासत जलकर राख हो गई है, जो अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस मामले को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएंगे और पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करेंगे। मीडिया से बात. चीत करते हुए उन्होंने राज्य सरकार और स्थानीय विधायक पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय विधायक की मुख्यमंत्री से इतनी नजदीकियां हैं, तो घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री या प्रभारी मंत्री को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों का हाल-चाल लेना चाहिए था। इससे पीड़ितों को संबल मिलता और सरकार की संवेदनशीलता भी दिखाई देती। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं की हालत बेहद खराब है, जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार के "डबल इंजन" के विकास के दावों को फेल बताते हुए कहा कि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। इस दौरान कांग्रेस जनों ने पीड़ित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित किया है। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरी मोहन नेगी, राजपाल सिंह, पूर्व प्रधान जखोल हाकम सिंह, प्रकाश चंद, गुलाब सिंह, प्रहलाद रावत, प्रीतम, भजन लाल तथा ग्राम प्रधान फिताड़ी कृष्णा राणा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# चकराता के छावनी बाजार में पार्किंग संकट गहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पर्यटन सीजन के आगाज के साथ ही चकराता का छावनी बाजार एक बार फिर अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से जूझता नजर आ रहा है। वीकेंड पर सुहावने मौसम के चलते बड़ी संख्या में सैलानियों की आमद हुई, लेकिन पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था के अभाव में लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

रविवार शाम होते-होते बाजार क्षेत्र में वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया। बाहरी क्षेत्रों से पहुंचे पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने तो आए, लेकिन बाजार पहुंचते ही उन्हें वाहन खड़ा करने के लिए जगह तलाशने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। निर्धारित पार्किंग स्थलों की कमी के चलते कई लोगों को सड़क किनारे ही वाहन खड़े करने



**पर्यटकों और स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी**

पड़े।

इस अव्यवस्था के कारण कई जगहों पर यातायात बाधित रहा। संकरी सड़कों पर दोनों ओर खड़े वाहनों ने जाम की स्थिति पैदा कर दी, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, खासकर परिवार के साथ आए लोगों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी।

व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या उनके लिए लाभकारी है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी स्थिति को बिगाड़ रही है। उनका मानना है कि यदि पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इससे क्षेत्र की छवि प्रभावित हो सकती है और पर्यटक असहज महसूस कर सकते हैं।

दूसरी ओर, सैलानियों ने भी प्रशासन और छावनी परिषद से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए।

उनका कहना है कि बेहतर सुविधाएं मिलने से चकराता जैसे खूबसूरत पर्यटन स्थल का अनुभव और अधिक सुखद बन सकता है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

# जगठी से कुरौली होते हुए जाली किमखोला मोटरमार्ग को स्वीकृति

**सडक निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में आवागमन होगा सुगम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जगठी से कुरौली होते हुए जाली किमखोला तक प्रस्तावित मोटरमार्ग के द्वितीय चरण (स्टेज-1) के निर्माण कार्य को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के तहत 3.2 किलोमीटर लंबे मोटरमार्ग का निर्माण 1 करोड़ 36 लाख 70 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने जानक. ारी देते हुए बताया कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के दूरस्थ गांवों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रीय जनता इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रही थी, जिसे अब स्वीकृति मिलने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। विधायक कंडारी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान हो सकेगी।

उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा किया जाए।उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और प्राथमिकता के आधार पर सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

### चैती मेले में पति ने पीटा पत्नी को, मुकदमा

**काशीपुर।** चैती मेले में प्रसाद चढ़ाने अपने पति व सास-ससुर के साथ आई महिला के साथ पति ने मारपीट कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम किरतपुर थाना चांदपुर जिला बिजनौर निवासी जूही रानी ने चैती मेला चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 26/27 मार्च की रात्रि लगभग 3.00 बजे अपने पति अंजिल राजपूत, ससुर मुकेश व सास बबीता के साथ चैती मेला में प्रसाद चढ़ा रही थी। इस दौरान उसके पति की किसी अनजान महिला से बहस हो गई।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मौ० इस्कलाब (Mohd Iskalab) से बदल कर साहिल मकरानी (Sahil Makrani) कर लिया है। भविष्य में मुझे साहिल मकरानी (Sahil Makrani) के नाम से जाना, पहचाना व लिखा,पढा,जायें।

**साहिल मकरानी पुत्र मौ. इकबाल मकरानी निवासी-म.न.-442 गांधी ग्राम, जिला देहरादून**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**
**वाद संख्या-38 सन 2025**
**वादी- चन्द्रमणी**
**बनाम**
**विनोद जोशी आदि**

**नोटिस बनाम** - विनोद जोशी पुत्र श्री सोहनलाल ग्राम-कोट पटटी जुवा उदयपुर, तहसील कण्डीसौड जिला टिहरी गढवाल हाल ई-30/1 गरिमा गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। मो0नं0- 7838192941 एम/एस गंगा हिल्स एण्ड एवेन्यू प्रा.लि. मुख्य कार्यालय ऋषिकेश जनपद देहरादून/टिहरी।

चूंकि वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद संस्थित किया है अतएव आपको सूचित किया जाता है कि आप या तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर देने में समर्थ हो दिनांक- 8 माह-04 सन 2026 को 10 दिन को इस दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपस्थित हों और आपको आदेश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्व वर्णित दिवस को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद आपके अनुपस्थिति में सुना जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक-23 माह 03 सन 2026 को प्रसारित किया गया।

**प्रबंधक**
**सिविल जज नई टिहरी, टिहरी गढवाल**

# बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहे माता-पिता: डॉ गीता

**बीते दिनों पटेल नगर क्षेत्र में लापता हुई दो लड़कियों में से एक बालिका अभी भी लापता, बाल आयोग ने लिया संज्ञान, बाहर से आए लोगों के सत्यापन की आवश्यकता पर दिया जोर**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि बीते दिनों थाना पटेल नगर क्षेत्र में एक गंभीर घटना प्रकाश में आई थी, जिसमें दो नाबालिग बालिकाएँ लापता हो गई थीं। इस संबंध में थाना पटेल नगर द्वारा विधिवत मुक. दमा दर्ज किया गया है।

पुलिस की तत्परता से एक 16 वर्षीय बालिका को बरामद कर लिया गया है, जबकि 14 वर्षीय



बालिका अभी भी लापता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस बालिका के बिहार में होने की आशंका जताई जा रही है। यह भी संज्ञान में आया है कि दोनों बालिक. ाओं का अपहरण बिहार के कुछ युवकों द्वारा किया गया है। अधिकतर आपराधिक गतिविधियां बाहर से आये हुए व्यक्तिओं द्वारा घटित की जा रही हैं। बाहर के प्रदेश से आये प्रवासी महिला और बच्चे जो बस्तियों में रह रहे हैं वो अधिकतर हिंसा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा सत्यापन की अति आवश्यकता है

डॉ. गीता खन्ना ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, जो अत्यंत गंभीर विषय है। इन घटनाओं को देखते हुए आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सभी ग्राउंड लेवल कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रत्येक बस्ती में संचालित किया जाएगा, जिससे अभिभावकों एवं बच्चों को सतर्क किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, यह तथ्य भी सामने आया है कि ये बालिकाएँ विद्यालय नहीं जा रही थीं। इस पर आयोग विशेष रूप से ध्यान देगा कि स्कूल छोड़ चुके (ड्रॉप-आउट) बच्चों को समय पर चिन्हित क्यों नहीं किया जा रहा है और उन्हें पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

साथ ही, हाल ही में रिस्पना पुल पुर तीन बहने मिली जो घर से नाराज होकर आ गई थी ,ऐसा हमारे प्रदेश के बच्चे भी कर रहे हैं और मिसिंग बच्चों में ये आंकड़े बहुत सा हिस्सा बनते हैं ट्रैफिकिंग और अन्य बहुत से अपराध इससे जुड़े हैं। इस प्रकार की गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए आयोग द्वारा इसकी लिए भी विद्यालय को जागरूकता का हिस्सा बनना होगा ।

साथ ही माता पिता को बच्चों के साथ स्वस्थ संवाद करते रहना अति आवश्यक है, जिससे वो बच्चों के मन की थाह रख सकें और उनकी शंका का समाये रहते समाधान हो जाए ।

डॉ. गीता खन्ना ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या अपुष्ट जानकारी प्रसारित न करें तथा बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें। आयोग द्वारा शीघ्र ही व्यापक जागरूकता अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा। आयोग ने संबंधित प्रकरण में पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि मामले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर शीघ्र आख्या आयोग को प्रेषित की जाए।

# लाखामंडल क्षेत्र में महिला अस्पताल की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से की मुलाकात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** भाजपा मंडल क्वासी के पूर्व उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने कैबिनेट मंत्री (स्वास्थ्य एवं वन विभाग) सुबोध उनियाल को ज्ञापन सौंपकर चकराता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाखामंडल में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की गंभीर समस्या उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि लाखामंडल क्षेत्र से लगभग 200 गांव जुड़े हुए हैं, लेकिन आज तक यहां किसी भी प्रकार की समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। इसके चलते क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज



के लिए भी लोगों को करीब 150 किलोमीटर दूर विकासनगर, देहरादून जाना पड़ता है, जो समय और संसाधनों दोनों की दृष्टि से अत्यंत कठिन है।

बचना शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई लोग रास्ते में ही दम तोड़ चुके हैं। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई मामलों में महिलाओं की जान भी जोखिम में पड़ चुकी है।

क्षेत्रवासियों की ओर से स्वास्थ्य मंत्री से मांग की गई है कि लाखामंडल में शीघ्र ही एक महिला अस्पताल की स्थापना की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को समय पर उपचार मिल सके और अनावश्यक जनहानि को रोका जा सके। क्षेत्र के लोगों ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी इस गंभीर समस्या पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाएगी।

# एलपीजी गैस कालाबाजारी पर जिला प्रशासन सख्त

## केवल अनुबंधित वाहनों से हो गैस सिलेंडर की डिलीवरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनमानस को सुगमता से गैस आपूर्ति के जाने तथा गैस एजेंसियों एवं गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किए जाने हेतु जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी सदर हरी गिरी के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्यगैस अधिकारी अजय पाल सिंह एवं पूर्ति लिपिक होशियार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि रिंग रोड क्षेत्र में भारत गैस के कई डिलीवरी मैन द्वारा मोटर साइकिल पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही थी जिनका की तेल कंपनी के साथ कोई अनुबंध नहीं है, जिस कारण उसके संबंध में गैस की कालाबाजारी किए जाने की संभावना प्रतीत होती है इसके उपरांत भारत गैस के गोदाम अरविंद गैस एजेंसी व आधुनिक गैस एजेंसी के गोदाम में जाकर इस संबंध में पूछताछ करने पर यह देखा गया कि मोटरसाइकिल व साइकिल छोटे वाहनो से गैस की आपूर्ति की जा रही थी जिनका की गैस एजेंसी के साथ कोई अनुबंद नहीं था इस समंध में कड़े निर्देश दिए गए कि गैस की डिलीवरी लोडर के माध्यम से किया जाए किसी भी छोटे वाहन से गैस के आपूर्ति करते पाए गए तो उनके विरूध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।



**बिना अनुबंधित वाहन से गैस डिलीवरी करते पाए जाने पर संबंधित गैस एजेंसी पर एक्शन तय**

दोनों एजेंसीज को कड़े निर्देश दिए गए की गैस सिलेंडर की डिलीवरी केवल अनुबंधित वाहनो के माध्यम से की जाएगी ।

एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा शतप्रतिशत् होमडिलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है। क्यूआरटी टीम आज क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति आदि सभी गतिविधियों देखी।

जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित 1077, 0135-2626066, 2726066 और व्हाट्सएप नंबर 7534826066 के माध्यम से कुल 19 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोलरूम में मौजूद जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में एलपीजी गैस की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता या अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में आज लगभग 17959 अधिक उपभोक्ताओं को घरेलू तथा 407 उपभोक्ताओं को व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई है। एलपीजी का घरेलू 36534 तथा व्यवसायिक का 1671 स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू के साथ ही व्यवसायिक एलपीजी गैस सिलेंडर का लोड निंरतर बढाया जा रहा है।

# कोरोना संकट में छिना रोजगार, ट्राउट मत्स्य पालन बना नई उम्मीद की किरण

## रानीगढ़ पट्टी के दिनेश चौधरी बने प्रेरणा, सालाना मछली उत्पादन से दस लाख की आमदनी

**रोहित डिमरी**

**रुद्रप्रयाग।** कोरोना महामारी ने जहां लाखों लोगों का रोजगार छीन लिया, वहीं कुछ लोगों ने इस संकट को अवसर में बदलकर नई मिसाल कायम की। रुद्रप्रयाग जिले की रानीगढ़ पट्टी के लदोली गांव के युवा दिनेश चौधरी की कहानी इसी साहस, संघर्ष और सफलता का प्रेरणादायक उदाहरण है।

महामारी के दौरान रोजगार छिन जाने के बाद दिनेश ने निराश होने के बजाय अपने गांव की प्राकृतिक परिस्थितियों को समझा और ट्राउट मछली पालन को अपनाने का निर्णय लिया। पहाड़ी क्षेत्र की ठंडी और स्वच्छ जलधाराओं के लिए प्रसिद्ध रुद्रप्रयाग ट्राउट मछली पालन के लिए बेहद अनुकूल माना जाता है। इसी विशेषता को पहचानते हुए उन्होंने मात्र दो छोटे टैंकों से अपने सफर की शुरुआत की।

शुरुआती दौर आसान नहीं था। तकनीकी जानकारी की कमी, सीमित संसाधन और बाजार को लेकर अनिश्चितता जैसी कई चुनौतियां सामने थीं। लेकिन दिनेश के दृढ़ निश्चय और मेहनत ने इन सभी बाधाओं को पीछे छोड़ दिया। इस दौरान मत्स्य विभाग रुद्रप्रयाग का सहयोग उनके लिए संबल बना। विभाग से मिली तकनीकी जानक. ारी, प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता ने उनके छोटे प्रयास को मजबूत आधार प्रदान किया।

धीरे-धीरे दिनेश का यह प्रयास एक सफल उद्यम में बदलता गया। आज वे न केवल ट्राउट मछली उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि अपने फार्म में ट्राउट मछली की हैचरी भी स्थापित कर चुके हैं। यह उपलब्धि



### स्थानीय युवाओं को दिया रोजगार

**रुद्रप्रयाग।** रानीगढ़ पट्टी के लदोली गांव निवासी दिनेश चौधरी सालभर में बीस कुंतल ट्राउट मछली उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें चार से पांच लाख की आमदनी हो जाती है। इसके अलावा फार्म में मछलियों के बीज (फिंगरलिंग) स्वयं तैयार कर रहे हैं। उन्होंने लगभग एक लाख ट्राउट मछलियों के बच्चों का उत्पादन कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिससे उन्हें लगभग पांच लाख तक की आमदनी हो जाएगी। सालभर में मछली उत्पादन से युवा दिनेश लगभग दस लाख तक की कमाई कर रहे हैं। उन्होंने अपने फार्म में तीन युवाओं को भी रोजगार दिया है। ट्राउट मछली को हार्ट के लिए फायदेमंद माना जाता है।

उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है, क्योंकि अब वे मछलियों के बीज (फिंगरलिंग) स्वयं तैयार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने लगभग एक लाख ट्राउट मछलियों के बच्चों का उत्पादन कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

दिनेश की सफलता का प्रभाव अब पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। रुद्रप्रयाग जिले के कई युवा और किसान उनकी हैचरी से मछलियों के बीज खरीदकर ट्राउट मत्स्य पालन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और पलायन की समस्या को भी कम करने में मदद मिल रही है।

स्थानीय निवासी देवराघवेन्द्र बद्री ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में ट्राउट मत्स्य पालन एक स्थायी और लाभकारी व्यवसाय के रूप में तेजी से उभर रहा है। कम भूमि में अधिक उत्पादन, ऊंचा बाजार मूल्य और पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण यह व्यवसाय युवाओं के लिए आकर्षक विकल्प बनता जा रहा है।

दिनेश चौधरी की यह कहानी केवल व्यक्तिगत सफलता की नहीं, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता, नवाचार और संघर्ष की मिसाल है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और सही मार्गदर्शन मिले, तो विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता की नई राहें बनाई जा सकती हैं। आज लदोली गांव का यह युवा पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन चुका है। उनका संदेश साफ है कि "रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन जरूरी नहीं, यदि हम अपने गांव की संभावनाओं को पहचान लें।

# चकराता वीकेंड पर छावनी बाजार सैलानियों से फिर गुलजार हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** रविवार को दिनभर बदलते मौसम और हल्की बारिश के बाद जैसे ही देर शाम मौसम ने करवट ली और आसमान साफ हुआ, वैसे ही छावनी बाजार चकराता एक बार फिर सैलानियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठा। दिनभर ठंडी हवाओं और बादलों की आवाजाही के चलते जहां बाजार में अपेक्षाकृत सन्नाटा पसरा रहा, वहीं शाम ढलते ही पर्यटकों ने पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा भर दी।

देर शाम मौसम खुलते ही पर्यटक अपने होटलों और ठहराव स्थलों से बाहर निकलकर छावनी बाजार की ओर उमड़ पड़े। बाजार की सड़कों पर घूमते सैलानी, स्थानीय दुकानों पर खरीदारी करते पर्यटक और दुकानों पर लगी भीड़ ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। ठंडी हवाओं के बीच गर्म चाय और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेते पर्यटकों के चेहरे पर साफ खुशी झलक रही थी। छावनी बाजार के व्यापारियों के लिए भी यह शाम राहत भरी साबित हुई। दिनभर मौसम की बेरुखी के चलते कारोबार प्रभावित रहा, लेकिन शाम



को अचानक बढ़ी भीड़ ने व्यापारियों के चेहरे खिला दिए। होटल व्यवसायियों, रेस्तरां संचाल. कों और छोटे दुकानदारों ने भी सैलानियों की इस आमद को सीजन के लिए शुभ संकेत बताया। लेकिन अधिकांश व्यापारियों ने कहा यदि समय पर कमर्शियल गैस नहीं मिलती है तो इस बार का सीजन भी निराशाजनक रहेगा।

पर्यटकों दिल्ली और हरियाणा से आया पर्यटक राघव हुड्डा, दिग्विजय गोयल, विनय शंकर जैन, सरोजिनी दहिया, मैं विश फातिमा आदि बताते हैं कि चकराता का मौसम और यहां की प्राकृतिक सुंद. रता उन्हें बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करती है। दिनभर के ठंडे और सुहावने मौसम के बाद शाम की खुली फिजा ने उनके अनुभव को और भी खास बना दिया।

स्थानीय लोग पंकज कुमार जैन, कुंवर सिंह ,राणा हरचरण सिंह, अनिल बिजवान, विकास अग्रवाल, राहुल चांदना आदि बताते हैं कि जैसे-जैसे मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे चकराता जैसे पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर सैलानियों का रुख लगातार बढ़ रहा है।

आने वाले दिनों में यदि मौसम साफ बना रहता है तो क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है। कुल मिलाकर, रविवार की शाम चकराता के लिए एक बार फिर पर्यटन की रौनक लेकर आई, जिसने न केवल स्थानीय बाजार को जीवंत किया बल्कि क्षेत्र के पर्यटन कारोबार को भी नई उम्मीद दी।

# ट्रैक्टर-ट्राली हादसे में दो युवकों की मौत

## पत्थरों के नीचे बुरी तरह दबे चार युवक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को स्याल्दे ब्लॉक के चिंतोली में के पास पत्थरों से लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में चार युवक पत्थरों के नीचे बुरी तरह दब गए। चारों को निकालकर देघाट सीएचसी भेजा गया, लेकिन दो युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जबकि दो घायलों को रामनगर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक ट्रैक्टर ट्राली पत्थर भरकर चिंतोली गांव की ओर जा रही थी। ट्रैक्टर में चालक समेत चार युवक सवार थे। इसी दौरान ट्रैक्टर की ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्राली पलटने से चारों युवक पत्थरों से दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पत्थरों के नीचे दबे युवकों को निकाल सीएचसी देघाट पहुंचाया गया। इसी दौरान दर्शन सिंह पुत्र छोदाण सिंह और चन्दन सिंह पुत्र प्रेम सिंह, दोनों निवासी ग्राम चिन्तोली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि गोपाल सिंह पुत्र गब्बर सिंह और नरेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह, निवासी ग्राम चिन्तोली को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रामनगर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष देघाट अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है।

## काली फिल्म लगी कार चालक पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जनपद के रानीखेत क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। एसएसपी चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर अवैध लाल-नीली बत्ती, हूटर और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एएसपी हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन और सीओ विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक कार के शीशों पर काली फिल्म पाई गई, जिसे मौके पर हटवाकर चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया तथा भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

# धमकी देने के आरोप में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने करीब आधा दर्जन लोगों पर 10 लाख रूपये न देने पर उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम रामनगरनिवासी विपुल कुमार बालिग पुत्र कतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 30 जुलाई 2025 को ग्राम रामनगर निवासी जशनदीप सिंह ने एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें उसे झूठा फंसाया गया था।

विवेचना में साक्ष्य न मिलने पर उसका नाम पृथक कर दिया गया था। उपरोक्त मुकदमें में सुमित ने अपना अनुसुचित जाति प्रमाण पत्र (जो कि तहसील टांडा, जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश से जारी) बतौर सबूत उपलब्ध करवाया, वह प्रमाण पत्र प्रार्थी की शिकायत पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनवाया जाने के कारण जिला. धिकारी, रामपुर द्वारा सुमित के जाति प्रमाण को निरस्त कर दिया गया। इस विषय में थाना टाण्डा, जनपद रामपुर में सुमित व अन्य के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत है, जिसमें सुमित जमानत पर है। बीती 01 अक्टूबर 2025 की दोपहर करीब 3.15 उसके घर के पास हरविन्दर सिंह उर्फ राजू पुत्र महेन्द्र सिंह, राजेश पुत्र बालकिशन, जसप्रीत सिंह राणा पुत्र इन्द्रजीत सिंह एवं चंद्रावती पुत्री संतराम, निवासीगण ग्राम रामनगर एक राय होकर आये और उसके साथ गाली-गलौच करते हुये कहने लगे कि पहले भी हम सबने मिलकर जशनदीप और सुमित से तुम लोगों पर एससी व एसटी एक्ट व हत्या के प्रयास करने का मुकदमा लिखवाया था अगर तूने सुमित के फर्जी जाति प्रमाण पत्र की ज्यादा तहकीकात की और हमें 10 लाख रूपये नहीं दिये तो हम लोग तूझे चन्द्रावति के झूठे बलात्कार के मुकदमा में जेल भिजवा देंगे और अगर तू तब भी नहीं मानेंगा तो तेरी हत्या करवा देंगे।

कहा कि सुमित ने धोखाधड़ी करते हुये कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनवाया गये फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र का दुरूपयोग करके थाना काशीपुर में उसके व अन्य लोगों के विरूद्ध झूठा एससी व एसटी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कराया व एससी व एसटी एक्ट का दुरुप्रयोग भी किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय नई टिहरी, टिहरी गढवाल।
वाद संख्या-38 सन 2025
वादी- चन्द्रमणी
**बनाम**
विनोद जोशी आदि
**नोटिस बनाम** - विनोद जोशी पुत्र श्री सोहनलाल ग्राम-कोट पटटी जुवा उदयपुर, तहसील कण्डीसौड जिला टिहरी गढवाल हाल ई-30/1 गरिमा गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। मो0नं0- 7838192941 एम/एस गंगा हिल्स एण्ड एवेन्यू प्रा.लि. मुख्य कार्यालय ऋषिकेश जनपद देहरादून/टिहरी।
चूंकि वादी ने आपके विरूद्व एक वाद संस्थित किया है अतएव आपको सूचित किया जाता है कि आप या तो स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर देने में समर्थ हो दिनांक- 8 माह-04 सन 2026 को 10 दिन को इस दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपस्थित हों और आपको आदेश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।
आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्व वर्णित दिवस को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद आपके अनुपस्थिति में सुना जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक-23 माह 03 सन 2026 को प्रसारित किया गया।
**प्रबंधक**
**सिविल जज**
**नई टिहरी,**
**टिहरी गढवाल**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रमुख जन गोष्ठी का किया आयोजन

**कोटद्वार ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में हुए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसमें अवगत कराया गया कि शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी के अवसर पर मंडल स्तर पर व बस्ती स्तर पर अधिकतम स्वम सेवकों की गणवेश में एकत्रीकरण व संचलन के कार्यक्रम आयोजित किए इसके उपरांत व्यापक गृह संपर्क अभियान चलाया गया व इसके उपरांत विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया ।

तत्पश्चात प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है इसी परिपेक्ष में महानगर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ ने 100 वर्ष में अनेक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद समाज में अपनी उपस्थिति लगातार बनाई रखी है व समाज को जागृत करने का काम लगातार किया जा रहा है समाज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है इसी परिपेक्ष में देश को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए समाज को और अधिक जागरूक और परिपक्व करना है । बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के साथ मिलकर पंच परिवर्तन के अपने लक्ष्य पर स्थिर है और पंच परिवर्तन से ही समाज और देश में परिवर्तन आएगा । कहा कि पर्यावरण जागरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता का जागरण और नागरिक कर्तव्य का अगर प्रत्येक नागरिक पूरे मनोयोग से पालन करें तो समाज की दशा और दिशा परिवर्तित होनी निश्चित है ।कहा कि स्वाधीनता संग्राम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूर्ण भागीदारी की तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार ने स्वयं राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में भाग लिया और कई बार जेल जाकर इस बात को साबित भी किया है उन्होंने कहा कि गोवा मुक्ति आंदोलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की थी । वर्तमान में संघ के विभिन्न प्रकल्प समाज में चल रहे हैं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रमुख जनों द्वारा संघ के विषय में कुछ प्रश्न प्रस्तुत किए गए जिनका उत्तर दिनेश सेमवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में प्रमुख जनों के द्वारा अपनी जिज्ञासा व सुझाव भी प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल, जिला प्रचारक कमल, जिला सह संघ चालक लोकपाल, जिला कार्यवाह संदीप, जिला कार्यवाह अरुण, विभाग सह कार्यवाह चंदन नकोटी, विभाग प्रचार प्रमुख जितेंद्र रावत, जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी, जिला सो. शियल मीडिया प्रभारी विपिन बेदवाल, नगर सह कार्यवाह राजेश, सचिन, नगर संघ चालक डॉक्टर वीरेंद्र रावत, जिला पंचायत सदस्य सीमा भंडारी व प्रशांत बड़ोंनी, प्रकाश डबराल, प्रोफेसर विजय कुमार, गोवर्धन चतुर्वेदी, सत्य प्रकाश थपलियाल, अध्यक्ष बार एसोसिएशन कोटद्वार नागेंद्र जोशी, एडवोकेट रतन नेगी, जितेंद्र रावत, रमेश कुमार वर्मा, सुनील डोबरियाल, अमृतांशु बर्थवाल, पंडित बृजेश चतुर्वेदी, अनिल नवानी, श्रीकांत नोगी, चंद्र प्रकाश नैथानी आदि समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क प्रमुख बृजमोहन सिंह चौहान ने किया।

# गजराज को कालाढूंगी से पूर्ण विश्वास

**कालाढूंगी।** रविवार को हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कालाढूंगी के वार्ड नंबर एक निवासी जनार्दन पांडे के निवास पर पहुंच कर जनता की समस्या सुनी। इस दौरान क्षेत्र वासियों ने अपनी समस्याओं से गजराज को अवगत कराया। उसके उपरांत गजराज ने मौके पर ही कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।

चुनाव से कुछ माह पहले ही हल्द्वानी मेयर गजराज बिष्ट की कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता ने राजनीतिक हलचल तेज़ कर दी है। कालाढूंगी में मेयर ने यह दावा तक कर दिया कि यहां की जनता को उनको पूर्ण समर्थन मिल रहा है। इतना ही नहीं गजराज बिष्ट यहां तक कह गए कि अगर भाजपा ने उनपर विश्वास जताते हुए उनको प्रत्याशी बनाया तो वह भारी बहुमत से सीट भाजपा के खाते में डालेंगे। वहीं कालाढूंगी में हल्द्वानी मेयर की इस सक्रियता ने अंदरखाने सियासी हलचल भी तेज़ कर दी है। भाजपा के दिग्गज विधायक बंशीधर भगत के गढ़ में गजराज बिष्ट की सीधी इंट्री के काफी मायने निकाले जा रहे हैं। यह तो वक्त ही बताएगा कि भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव में इस सिचुएशन को कैसे हैंडिल करती है लेकिन अभी तक इतना तो तय है कि चुनाव में इस सीट पर टिकट को लेकर काफी घमासान देखने को मिलेगा।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल बुधलाकोटी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजू जलाल, गणेश कार्की, दिनेश पांडे, कामद. ेव पांडे, पुरन पांडे, हरीश गजरौला, विद्या रावत, नीमा पांडे, मुन्नी पांडे, जानकी पांडे, तारा पांडे, ममता गजरौला आदि दर्जनों महिलाएं पुरुष मौजूद थे।

# भारत पुन: सांस्कृतिक गौरव की ओर अग्रसर: संजय

## वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका हुई सशक्त, विश्व को दे रहा दिशा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा कि भारत पुन: अपने गौरव की ओर लौट रहा है। भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व की जीवन दृष्टि और भारत की सनातन परंपरा आज विश्व में पुन: स्थापित हो रही है, भारत के मन से गुलामी के अवशेष समाप्त हो रहे हैं। विश्व आज भारत की ओर आशा और मार्गदर्शन की दृष्टि से देख रहा है। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब भारत पुन: विश्वगुरू के आसन पर विरा. जमान होगा और राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करेगा।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देहरादून परेड ग्राउंड में रविवार को उत्तर महानगर के स्वयंसेवकों के बौद्धिक कार्यक्रम में प्रांत प्रचार प्रमुख ने यह कहा। प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा कि वर्तमान में विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विरासत और जीवन दृष्टि मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक दृष्टिकोण और सामाजिक संरचना वैश्विक शांति व




**सनातन परंपरा और मूल्यों से सुदृढ़ हो रहा राष्ट्रीय एवं सामाजिक ताना-बाना**

संतुलन के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती हैं। उन्होंने समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास और सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि समाज अपने मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री 108 महंत कृष्णा गिरी महाराज ने संघ के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विशेष रूप से साधनहीन क्षेत्रों में सेवा का संकल्प और कार्य स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और जब देश सुरक्षित रहेगा, तभी सभी नागरिक सुरक्षित रहेंगे।

पथ संचलन का पुष्पवर्षा व भारत माता के जयकारे के साथ स्वागत

बौद्धिक के बाद परेड हजारों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश के साथ पथ संचलन किया। बादलों से घिरे आसमान से बूंदाबांदी ने पथ संचलन को और भी अधिक आकर्षक बना दिया। अनुशासित और सदे हुए कदमों के साथ कदम से कदम मिलाकर जब स्वयंसेवक पथ करते हुए बढ़े तो लोगों फूलों कीचबारिश के साथ ही भारत माता के जयकारों से स्वयंसेवकों का स्वागतद किया।

पथ संचलन परेड मैदान से प्रारंभ होकर सर्वे चौक, ईसी रोड, नैनी, भेल चौक, घंटाघर व बुद्धा चौक होते हुए पुन: परेड मैदान में संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए संगठन की परंपराओं और अनुशासन का परिचय दिया। इस आयोजन में महानगर के 11 नगर के स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में सहभागिता की जो देखते ही बन रहा था। पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर सिख समाज, गोर्खाली समाज और जौनसारी समाज के प्रतिनिधियों के साथ नगर की महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया।

कार्यक्रम में उपस्थिति- कार्यक्रम में संघ के महानगर संघ चालक चंद्रगुप्त विक्रम,सह संघ चालक राजेंद्र रमोला,प्रांत अधिकारी अनिल, आशीष ओबेरॉय, सुरेन्द्र, ललित बड़ाकोटी, जोत सिंह, सह विभाग प्रचारक सौरभ, विभाग कार्यवाह रविंद्र, अरुण,गजेन्द्र खण्डूड़ी,महानगर प्रचारक भारत, उत्तर महानगर कार्यवाह भानु चमोली, गंभीर सिंह, प्रेम चमोला,डॉ देवेंद्र भसीन,राजेश सेठी विवेक शर्मा,अरुण, सुरेन्द्र चौहान, आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# IPL 2026: धोनी की शुरुआती गैरमौजूदगी

## राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबले की रूपरेखा तय करेगी



**गुवाहाटी, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पहला मैच सिर्फ रन और विकेट के बारे में नहीं है, जिसे अगले हफ्ते तक भुला दिया जाएगा। यह सैमसन के किसी जगह पर लौटने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बदलाव के बारे में है, वह ऐसे रंग पहनता है जो उसके अतीत से बिल्कुल मेल नहीं खाते।

संजू सैमसन, जो कभी राजस्थान की महत्वाकांक्षाओं का शांत चेहरा थे, अब एक विरोधी के रूप में बाहर हो गए हैं। क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेटर इसे एक ट्रेड कह सकते हैं, कमेंटेटर इसे स्ट्रैटेजी बता सकते हैं, लेकिन जो लोग अभी भी मानते हैं कि खेल में आत्मा है, उनके लिए यह उन रास्तों के अलग होने जैसा है जो कभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए। वह किसी अजनबी की तरह नहीं, बल्कि ऐसे खिलाड़ी की तरह आते हैं जो क्रीज, अपने पुराने ड्रेसिग रूम के मूड और शायद ओवरों के बीच की खामोशी को भी जानता है। जान-पहचान में आराम है, लेकिन दूसरी तरफ लौटना भी एक तरह की शरारत है। सैमसन उस तरह के फॉर्म में हैं जिससे सिलेक्टर हैरान रह जाते हैं और बॉलर की नींद उड़ जाती है - रन तेजी से बन रहे हैं, टाइमिग आसानी से हो रही है, और ज्यादातर बल्ला ही बोल रहा है। ऐसा फॉर्म सिर्फ उनकी नई टीम को ही मजबूत नहीं करता( बल्कि कहानी में वजन भी जोड़ता है। अगर वह सफल होते हैं, तो इसे सुधार के तौर पर पढ़ा जाएगा( अगर वह असफल होते हैं, तो इसे दबाव में लड़खड़ाना कहा जाएगा। क्रिकेट, आखिरकार, पीछे मुड़कर देखने पर ही उदार होता है। इस मुकाबले में एक अहम सबप्लॉट चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एमएस धोनी की गैरमौजूदगी है। एमएस धोनी के इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन के पहले कुछ मैच नहीं खेलने की उम्मीद है, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ओपनर भी शामिल है, क्योंकि वह पिडली की चोट के कारण कम से कम पहले दो हफ्तों के लिए बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी से न सिर्फ एक अनुभवी फिनिशर और विकेटकीपर लाइनअप से बाहर हो गए हैं, बल्कि लीडरशिप और धैर्य की भी कमी हो गई है, जिस पर सीएसके मुश्किल हालात में हमेशा निर्भर रहा है। उनकी गैरमौजूदगी में, टीम को बैलेंस और दिशा बनाए रखने के लिए रुतुराज गायकवाड़ की लीडरशिप और टीम के सभी खिलाड़ियों के अनुभव पर ज्यादा निर्भर रहना होगा। राजस्थान के लिए, एक जाने-पहचाने लीडर के जाने से एक कमी और एक मौका दोनों पैदा हुए हैं। रियान पराग के नेतृत्व में लीडरशिप युवा हाथों में आ गई है, जो अपने साथ युवाओं की बेसब्री और यह साबित करने का बोझ लेकर आया है कि बदलाव सिर्फ दिखावटी नहीं हो सकता। उनकी बैटिंग काफी हद तक आक्रामक ओपनिग जोड़ी पर निर्भर है, जिसमें यशस्वी जायसवाल से उम्मीद है कि वे टॉप पर अपने अटैकिग इरादे से लय सेट करेंगे। असल में, रॉयल्स एक बदलाव की टीम है-एनर्जेटिक, निडर, लेकिन अभी भी दबाव में कंसिस्टेंसी की तलाश में है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स ने सोच-समझकर खुद को नया रूप दिया है। सैमसन के आस-पास, रुतुराज गायकवाड़ जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से उम्मीद है कि वे पारी को संभालेंगे, टॉप पर स्थिरता सुनिश्चित करेंगे और दूसरों को उनके आस-पास खेलने देंगे। मिडिल ऑर्डर में, डेवाल्ड ब्रेविस की मौजूदगी से जबरदस्त पोटेंशियल आता है, जो मोमेंटम की सबसे ज्यादा जरूरत होने पर बिना डरे स्ट्रोक खेलकर स्कोरिग रेट को तेज कर सकते हैं। हालांकि, राजस्थान का अपना बैलेंस भी है। रवींद्र जडेजा के शामिल होने से एक्सपीरियंस और वर्सेटिलिटी दोनों मिलती है, जिससे बीच के ओवरों में कंट्रोल मिलता है और बैट से फिनिशिग की काबिलियत मिलती है।

# ऑस्ट्रेलियाइयों के दम पर मुल्तान सुल्तांस की जीत के साथ शुरुआत

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के 2026 एडिशन में मुल्तान सुल्तांस की जीत की शुरुआत रही है, जिसमें उनके चार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने इस्लामाबाद यूनाइटेड पर पहले मैच में पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। जीत के लिए 172 रनों का पीछा करते हुए, विकेटकीपर जोश फिलिप के 55 और कप्तान एश्टन टर्नर के नाबाद 43 रनों की बदौलत सुल्तांस ने आठ गेंद बाकी रहते अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

पूर्व टेस्ट कप्तान के हेड कोच के तौर पर, टर्नर को कप्तान बनाया गया है, जबकि उनके साथी स्टीव स्मिथ उसी एक्सआई में थे और उन्होंने टॉप ऑर्डर में उनकी जगह ली थी।

स्मिथ, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने 'पीएसएल इतिहास की सबसे बड़ी साइनिग' करार दिया था, ने अपने पीएसएल डेब्यू में तीन छक्के मारे, लेकिन 31 रन पर आउट हो गए,

जब वह मिड ऑफ पर शादाब खान की गेंद को क्लियर नहीं कर सके। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई उप-कप्तान ने इस्लामाबाद की पारी के दौरान तीन जरूरी कैच लेकर मैच पर पहले ही बड़ा असर डाल दिया था। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश की, लेकिन जब स्मिथ ने उन्हें लॉन्ग ऑन पर कैच किया (21 गेंदों पर 40 रन पर), तो इस्लामाबाद यूनाइटेड की रफ्तार रुक गई। सदाबहार पीटर सिडल ने अपने चार ओवर में सिर्फ 29 रन दिए और रात का पहला विकेट लिया, डेवोन कॉनवे का, जिन्हें पॉइंट बाउंड्री पर कैच किया गया।

### खेल विशेष

## आदिवासी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को भारत के आदिवासी समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता मौजूद है। एआईबीए महिला विश्व बॉक्सिग चैंपियनशिप में छह बार स्वर्ण पदक जीतने वाली कॉम ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम के दौरान यूनीवार्ता को दिए एक साक्षात्कार मे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर आदिवासी खिलाड़ियों (पुरुष और महिला दोनों) को सही तरह का सहयोग मिले, तो वे निश्चित रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा किमैं खुद 'कॉम' समुदाय से आने वाली एक आदिवासी महिला हूं। आदिवासी लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां की परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं, उनमें जबरदस्त शारी. रिक और मानसिक दृढ़ता होती है और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में बहुत अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आदिवासी लोग स्वभाव से ही मजबूत होते हैं, और मुझे लगता है कि अगर उन्हें सही मात्रा में सहयोग और जागरूकता मिले।

## इंडिया अंडर-23 मेन्स ने ट्राई-नेशन चैंपियनशिप में भूटान को 5.0 से हराया

**इटानगर, वार्ता।** इंडिया अंडर-23 मेन्स नेशनल टीम ने अरुणाचल प्रदेश के यूपिया के गोल्डन जुबली स्टेडियम में अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 में भूटान को पांच गोल से हराया। सुहैल अहमद भट (51', 81') ने शनिवार को दो गोल किए, जबकि रिकी मीतेई हाओबाम (44'), टोम्बा सिंह हाओबाम (79'), और मुहम्मद अजसल (85') ने एक-एक गोल किया। इस जीत से इंडिया अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप में टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। ब्लू कोल्ट्स के पॉइंट्स (तीन) बराबर हैं और ताजिकिस्तान ने इस हफ्ते की शुरुआत में भूटान को 1-0 से हराया था।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया


**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** अयाबा. ंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी।

कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में सूजी बेट्स ने एनरी डर्कसन (72) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर ने सूजी बेट्स (53) का शिकार बना लिया।

जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के सिनालो जाफ्टा (13) और क्लोई ट्राइऑन (नौ) को आउट कर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने मैच में वापसी की। इसके बाद नदीन डी क्लर्क और कायला रेनेके ने एक बार फिर से पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर ले गए। 46वें ओवर में रोजमेरी मेयर ने एन डी क्लर्क (39) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़कर मैच को रोमांचक बना दिया।

# जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं: कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में वापसी करते हुए 38 गेंदों पर 69 रन बनाए और गत विजेतारॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पहले ही मैच में जीत दिलाई। जीत के बाद उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट से दूर बिताए गए समय से उन्हें तरोताघ व उत्साहित रहने और 120 प्रतिशत के साथ लौटने में मदद मिली।



कोहली का आखिरी टी-20 मैच आईपीएल 2025 फाइनल था, जिसे आरस. ीबी ने जीतकर अपना पहला आईपीएल खिताब हासिल किया था। उन्होंने अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत 202 रन के लक्ष्य को 15-4 ओवर में हासिल करके की। इस चेज में कोहली नाबाद रहे। उन्होंने कहा कि देखिए, पिछले 15 साल में जिस तरह का शेड्यूल रहा है और मैंने जितना क्रिकेट खेला है, मेरे लिए हमेशा थकान का जोखिम ज्यादा था। इसलिए ए ब्रेक मेरे लिए बहुत मददगार रहे। मैं तरोताघ और उत्साहित रहता हूं। जब भी मैं खेलने लौटता हूं, 120 प्रतिशत के साथ लौटता हूं। मैं बिना तैयारी के वापस नहीं आता। असल में, अतिरिक्त आराम मुझे मान. सिक रूप से भी तरोताजा कर देती है। जब आप शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से उत्साहित हों, तो आप टीम के लिए योगदान दे पाते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में आप यही चाहते हैं। आप सिर्फ अपनी जगह बनाए रखने के लिए नहीं खेलते। आप लगातार अच्छा प्रदर्शन और टीम के लिए मेहनत करते रहना चाहते हैं। कोहली ने आईपीएल में आने से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे में 93, 23 और 124 रन बनाए थे। वह उस सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उससे पहले दिसम्बर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी उन्होंने 302 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक शामिल थे। एसआरएच के खिलाफ कोहली ने पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने 16वें ओवर में हर्षल पटेल के खिलाफ 6, 4, 4, 4 मारकर मैच समाप्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले साल जून के बाद टी-20 नहीं खेलने के बावजूद, हालिया वनडे प्रदर्शन ने उन्हें 'उसी तरह की मोमेंटम में बने रहने' में मदद की। उन्होंने एसआरएच के खिलाफ अपनी पारी के बारे में कहा कि मैंने ऐसे शॉट्स खेलने के प्रयास नहीं किए, जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता। मुझे पता था कि मेरा रिदम सही है और मैंने फिटनेस के लिए काफी मेहनत की है।

## कोहली अपना स्ट्राइक रेट कभी भी बढ़ा सकते हैं: बांगड़

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 फाइनल के बाद अपना पहला टी-20 खेलते हुए विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बड़ी जीत दिलाई।

उनकी 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी में पांच चौके और पांच छक्के शामिल थे और उन्होंने आरसीबी को 15-2 ओवर में ही 202 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू के मुताबिक कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थें। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा। शुरुआत में कोहली थोड़ा असहज दिखे।

# सबालेंका ने मियामी खिताब जीता

**फ्लोरिडा, वार्ता।** आर्यना सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 4 कोको गॉफ पर 6-2, 4-6, 6-3 से जबरदस्त जीत हासिल कर 2022 में इगा स्वियाटेक के बाद तक सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। वह यह कामयाबी हासिल करने वाली पांचवीं महिला हैं, उनसे पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबा. लेंका ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह बहुत मायने रखता है। मेरा लक्ष्य हमेशा से इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है, और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है।

मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन मुझे अभी बहुत गर्व है। बेशक, बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं। इस जीत के साथ, सबालेंका ने डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-6 पहुंचा दिया, अब उन्होंने अपनी पिछली दो मीटिग जीती हैं। उन्होंने मियामी ओपन टाइटल भी सफलतापूर्वक डिफेंड किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक सेट गंवाया। वह 2019 और 2021 में एश्ले बार्टी के बाद इस इवेंट में बैक-टू-बैक टाइटल जीतने वाली पहली प्लेयर हैं, और 2013 से



2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद लगातार सालों में ऐसा करने वाली पहली प्लेयर हैं। ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान सबालें. का ने कहा कि कोको, तुम स्पीच देने में बहुत अच्छी हो। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता कि और क्या कहूं। लेकिन मैं तुमसे शुरू करना चाहती हूं। तुम एक फाइटर हो। तुमने मुझे एक बेहतर प्लेयर बनने के लिए बहुत पुश भी किया, और मुझे हमारी राइवलरी पसंद है। तुम कमाल की हो। मैं तुम्हें फाइनल में वापस देखकर खुश हूं और मुझे सच में उम्मीद है कि मैं और भी कई मैच खेलूंगी। तो तुम्हें और तुम्हारी टीम को बधाई। यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए सिगल्स टाइटल और कुल मिलाकर 30वां टाइटल है, जिसमें छह डबल्स शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंड स्लैम सिगल्स टाइटल, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिगल्स टाइटल और दो और डबल्स -- जिनमें से एक 2019 में मियामी में जीता था। उन्होंने ए सभी टोटल वर्ल्ड नंबर 1 पर 83 हफ्ते बिताते हुए हासिल किए हैं, जिसमें एक एक्टिव स्ट्रीक भी शामिल है जो 75 हफ्तों तक पहुंच गई है।

लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का यह लेवल न केवल शनिवार के फाइनल में, बल्कि एलेना रायबाकिना पर उनकी जबरदस्त सेमीफाइनल जीत जैसे प्रदर्शन से आया है। गॉफ के खिलाफ -- एक खिलाड़ी जिसने उन्हें अपने पूरे करियर में परेशान किया है, सबालेंका ने एक और पूरा, और सबसे जरूरी, शांत प्रयास किया। उन्होंने खुद को साबित करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। उन्होंने तुरंत ब्रेक लिया, एक शार्प-एंगल बैकहैंड विनर का इस्तेमाल करके 1-0 से आगे होने में मदद की, जो उस अप्रोच का शुरुआती प्रीव्यू था जो मैच को तय करेगा। उन्होंने बैकहैंड विनर मारकर पहला सेट 38 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में सबालेंका ने और भी शानदार खेल दिखाया, लेकिन यह गॉफ की लड़ाई थी जिसने आखिरकार इसे अमेरिकी खिलाड़ी के पक्ष में कर दिया। 3-3 के ब्रेक पॉइंट से पीछे होने के बाद, 22 साल की खिलाड़ी एक बार फिर खतरे से बाहर निकली, यह जानते हुए कि देर से ब्रेक लेने से उनके सारे मौके खत्म हो जाएंगे। कुछ गेम बाद उन्हें अपनी मेहनत का इनाम मिला जब उन्होंने ब्रेक किया। सबालेंका ने पहली बार -- और सिर्फ एक बार -- सेट गंवाया और मैच डिसाइडर में चला गया। लेकिन तीसरा सेट पूरी तरह से सबालेंका का था। गॉफ ने अच्छी सर्व की, लेकिन सबालेंका ने शानदार सर्व किया, अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 74 प्रतिशत और दूसरे सर्व में 61 प्रतिशत अंक जीते, इन नंबरों ने गॉफ का लगातार विरोध करना लगभग नामुमकिन बना दिया। वह दोनों विग्स से विनर्स स्प्रे करती रहीं। उन्होंने लाइन के नीचे एक बैकहैंड विनर मारकर 2-0 से होल्ड पक्का किया, फिर एक फोरहैंड विनर मारकर 5-3 के लिए एक जरूरी होल्ड पक्का करने में मदद की।

# मोदी ने रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर की सराहना की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में खेलों में मिली सफलता का उल्लेख करते हुए टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम करने वाली भारतीय टीम और रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम की सराहना की और आठ मार्च को आयोजित हुए अस्मिता लीग का भी जिक्र किया।

श्री मोदी ने 'मन की बात' के 132वीं कड़ी में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और पहला रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली जम्मू-कश्मीर की टीम की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने खेलों के बारे में बात करते हुए कहा कि देशभर के खेल प्रेमियों के लिए यह महीना जोश



और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी टीम की इस शानदार सफलता पर हम सभी को बहुत गर्व है। पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला। इस मुकाबले को जीतकर जम्मू- कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया।

# आठ स्वर्ण और एक रजत के साथ चमके कर्नाटक के मणिकांता एल


**रायपुर, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल का जीवन किसी ऐसे खिलाड़ी जैसा रहा है जिसे हर कुछ मिनटों में खुद को फिर से तैयार कर अगली चुनौती के लिए उतरना होता है। 21 वर्षीय मणिकांता ने रायपुर में चल रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए।

नौ स्वर्ण पदकों का लक्ष्य भले ही अधूरा रह गया, लेकिन उनका दबदबा पूरे प्रतियोगिता में साफ नजर आया। इस दौरान उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ रेस जीतना नहीं, बल्कि हर रेस के बीच बहुत कम समय होने के कारण खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना भी था। कई बार उन्हें पूल से निकल. कर सीधे पदक समारोह में जाना पड़ता और फिर तुरंत अगली रेस के लिए लौटना होता था। ब्रेस्टस्ट्रोक एक्सपर्ट मणिकांता ने खुद को चुनौती देते हुए चारों स्ट्रोक 'ब्रेस्टस्ट्रोक, फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई और बैकस्ट्रोक' भाग लिया, ताकि अपनी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक जीत सकें। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के सबसे सफल खिलाड़ी मणिकांता ने साई मीडिया से कहा कि अलग-अलग स्ट्रोक्स के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं होता, क्योंकि हर रेस की रणनीति अलग होती है। ऊपर से रेस के बीच समय भी बहुत कम था, जो इसे और चुनौतीपूर्ण बना रहा था। प्रतिदिन सिर्फ छह रेस होने के बावजूद मणिकांता पहले तीन दिनों में लगभग हर दूसरी रेस में उतर रहे थे। इस दौरान उन्हें रेस के बीच पदक समारोह में भी शामिल होना पड़ता था। इस कठिन शेड्यूल का असर तीसरे दिन की आखिरी रेस में दिखा, जहां 50 मीटर फ्रीस्टाइल में उन्हें अपने ही राज्य के धुनीश एम से पीछे रहते हुए रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उस रेस तक पहुंचते-पहुंचते मेरे पेट की मांसपेशियों में जकड़न होने लगी थी, जिससे मेरी गति प्रभावित हुई। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पहली बार मैंने इतने सारे इवेंट्स में, वो भी अलग-अलग स्ट्रोक्स में हिस्सा लिया। मणिकांता को तैराकी की प्रेरणा उनके चाचा मंजूनाथ से मिली, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के तैराक रह चुके हैं। इससे पहले वह इस साल जयपुर में हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं, जिनमें 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के व्यक्तिगत खिताब शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि अपने करियर की शुरुआत में मणिकांता बटरफ्लाई इवेंट पर ज्यादा ध्यान देते थे, लेकिन 2019 में कंधे की चोट के बाद उनके कोच सिन्जो ने उन्हें ब्रेस्टस्ट्रोक पर फोकस करने की सलाह दी। मणिकांता ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं ब्रेस्टस्ट्रोक के लिए ही बना हूं। जब मैं बटरफ्लाई की ट्रेनिग करता था, तब भी मेरा पहला राष्ट्रीय पदक 2016 में एक रिले रेस में आया था, जिसमें मैंने ब्रेस्टस्ट्रोक तैरा था। दावणगेरे के रहने वाले मणिकांता वर्तमान में बेंगलुरु के बसवनगुड़ी एक्वाटिक सेंटर में कोच राजीव आरएस के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि रायपुर में कई इवेंट्स में सफलता पाने के बावजूद मणिकांता अपने भविष्य को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि कई इवेंट्स में हिस्सा लेना शरीर पर काफी दबाव डालता है और इससे मेरे मुख्य इवेंट में प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। मैं अब पूरी तरह ब्रेस्टस्ट्रोक पर ध्यान देना चाहता हूं और इस साल होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। खेलो इंडिया में 20 से अधिक पदक जीत चुके मणिकांत के पास सीनियर नेशनल्स में भी दो रजत और एक कांस्य पदक है। हालांकि एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार करना होगा। 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन समय 2:13-03 सेकंड है, जबकि मणिकांत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2:20-55 सेकंड है। इस इवेंट का भारतीय रिकॉर्ड संदीप सेजवाल के नाम है, जिन्होंने 2009 में 2:12-02 सेकंड का समय दर्ज किया था। मणिकांता ने कहा, षपिछले दो महीनों से मैं इसी लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत कर रहा हूं और यही वजह है कि मैं यहां इतने सारे इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन कर पाया। मुझे पता है कि एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन अगर मैं लगातार मेहनत करता रहा तो यह संभव है। मणिकांता का सपना भविष्य में अपनी तैराकी उपलब्धियों के आधार पर कर्नाटक पुलिस में नौकरी हासिल करना भी है।

# जम्मू मैराथन 2019 से आए गहरे बदलाव का प्रतीक है: मनोज सिन्हा

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि 2019 में शुरु हुई जम्मू मैराथन के बाद से प्रदेश में गहरे बदलाव आए है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में जम्मू मैराथन के सम्मान समारोह में कहा कि शांति, समृद्धि और अनुकूल परिस्थितियों ने इस केंद्र शासित प्रदेश को विश्व स्तरीय आयोजनों के लिए एक पसंदीदा जगह बना दिया है।

इसका सपना आखिरकार पूरा हो गया है, क्योंकि सात दशकों के बाद, जम्मू-कश्मीर वैश्विक मंच पर अपना सही स्थान हासिल कर रहा है। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित जम्मू की पहली अंतर्राष्ट्रीय हाफ मैराथन, जिसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ की श्रेणियां शामिल थीं, में देश और विदेश से 3,000



से अधिक धावकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि मैं इस मैराथन को एक ऐसे आयोजन के रूप में देखता हूं जहां धावक ट्रॉफी, रैंकिग या पदकों की चिंता नहीं करते। वे बस अगले कदम के बारे में सोचते हैं। और यही मैराथन से मिलने वाला सबसे बड़ा सबक है। जम्मू और कश्मीर स्वयं इसी सिद्धांत का प्रतीक है। 2019 से, हमने एक-एक कदम करके आगे बढ़ते हुए, इस केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक नई पहचान गढ़ी है। हमने इसे शांति और समृद्धि के केंद्र में बदल दिया है, जो अब अंतर्राष्ट्रीय मैराथन, क्रिकेट टूर्नामेंट और यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबा. नी करने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि जम्मू मैराथन के माध्यम से, प्रतिभागियों ने न केवल अपने भीतर नए अनुभवों की खोज की है, बल्कि जम्मू और कश्मीर में आ रहे गहरे बदलावों को भी करीब से देखा है। यह नया संकल्प हमारे खेल जगत में भी अपनी जड़ें जमा रहा है। मुझे विशेष रूप से खुशी है कि 'फिट इंडिया' के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में, हम जम्मू और कश्मीर में एक नई खेल क्रांति की शुरुआत भी कर रहे हैं। फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन और गुल पनाग, प्रमुख नागरिक, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में युवाओं ने भी इस सम्मान समारोह में भाग लिया।

# एसपी देहात ने किया कलियर थाने का निरीक्षण

## थाने की सफाई व्यवस्था, रिकॉर्ड के रख रखाव व असलहों का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल एवं सीओ रुड़की नताशा सिंह ने रविवार को कलियर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मालखाना, शस्त्रागार, हवालात एवं अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मालखाने में रखे सामान के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।एसपी देहात शेखर




चन्द्र सुयाल ने कहा कि थाना स्तर पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रहनी चाहिए तथा आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया

**❖लंबित विवेचनाओं को समय से किया जाए निस्तारण : सुयाल**

जाए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखने, सत्यापन अभियान को तेज करने एवं रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं सीओ रुड़की नताशा सिंह ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन बनाए रखने और कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, एसएसआई सुनील पंत, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, एसआई विनोद गोला, उपेंद्र सिंह, विशाखा राठौर, एएसआई राम अवतार, हेड कांस्टेबल कुमाल तोमर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# दरगाह में लगातार बढ़ता जा रहा है फर्जी खादिमों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह में फर्जी खादिमों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे दरगाह की छवि धूमिल हो रही है। देशभर से जियारत के लिए आने वाले जायरीन के साथ अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली की घटनाएं सामने आ रही हैं। शिकायतों के बावजूद इन फर्जी खादिमों में न तो पुलिस का भय नजर आ रहा है और न ही दरगाह प्रबंधन का प्रभाव।

बताया जा रहा है कि दरगाह परिसर में 50 से 70 तक फर्जी खादिम सक्रिय हैं,जो जायरीनो (श्रद्धालुओं) को जबरन अपनी ओर खींचते हैं और उनसे पैसे की मांग करते हैं। विरोध करने पर बदसलूकी और अभद्रता पर उतर आते हैं, जिससे जायरीन में भय का माहौल बना हुआ है। दरगाह सुपरवाइजर मोहम्मद हारून ने कलियर थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार रुड़की एवं दरगाह प्रबंधक की ओर से जारी एक वीडियो में कुछ फर्जी खादिम दरगाह परिसर में अव्यवस्था फैलाते और जायरीन से वसूली करते नजर आ रहे हैं।वीडियो के आधार पर पहचान करते हुए आधा दर्जन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।तहसीलदार रुड़की एवं दरगाह प्रबंधक विकास अवस्थी ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस को तहरीर दी गई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# लंढौरा मंडल के भाजपा प्रशिक्षण शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** भाजपा लंढौरा मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति नीति का पाठ पढ़ाते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के बाद द्वितीय सत्र का समापन हुआ।

जानकारी के अनुसार लंढौरा रंग महल में आयोजित भाजपा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रविवार को चार बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सत्र के दौरान राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सभी कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना इसके बाद आई टी सेल के जिला संयोजक सुशील रावत ने कार्यकर्ताओं को आज के आधुनिक युग में सोशल मीडिया के महत्व की जानकारी दी। वरिष्ठ भाजपा नेत्री रानी देवयानी ने कार्य पद्धति विषय को लेकर कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान कर उन्हें मजबूत और जागरूक बनाया जाता है, ताकि वे अपने क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रसारित कर सकें।

मनोज नायक ने एसआईआर को लेकर जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे, चौधरी चरण सिंह, सचिन चौधरी, मोहित गिरी, अंकित आर्य, कुलदीप चौधरी, अमित चौधरी, महेश पाल, मांगेराम गोर, अनुज सैनी, रिसालत हैदर, संजीव चौधरी, शिवा चौधरी, नितीश, सतेन्द्र, अनिल, पहल सिंह, संदीप सैनी, शिवांग, विपिन, नवनीत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एसएसपी ने किया कई कोतवालियों में फेरबदल

# भगवानमहर मंगलौर तो रितेश शाह बने भगवानपुर कोतवाल, अंकुर शर्मा को बुग्गावाला की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने देर रात कई कोतवालियों में फेरबदल करते हुए निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गयी।

एसएसपी द्वारा किये गये फेरबदल में निरीक्षक रितेश शाह को कोतवाली नगर से कोतवाली भगवानपुर कोतवाल बनाया गया है तो बुग्गावाला से भगवानमहर को मंगलौर कोतवाली की कमान सौंपी गयी है। वहीं निरीक्षक कुंदन राणा को कोतवाली ज्वालापुर से कोतवाली नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक चन्द्रभान सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली



**❖निरीक्षक अमरजीत को कोतवाली बहादराबाद, निरीक्षक कुंदन राणा को कोतवाली नगर, निरीक्षक चन्द्रभान सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली ज्वालापुर, निरीक्षक विजय सिंह को थानाध्यक्ष झबरेड़ा वहीं अंकुर शर्मा को एसएसआई भगवानपुर से थानाध्यक्ष बुग्गावाला बनाया गया है**

ज्वालापुर तैनात किया गया है। वहीं निरीक्षक विजय सिंह को कोतवाली बहादराबाद से थानाध्यक्ष झबरेडा बनाया गया है। इसी क्रम में निरीक्षक अमरजीत को कोतवाली मंगलौर से कोतवाली बहादराबाद भेजा गया है। उपनिरीक्षक सुखपाल मान को पुलिस लाइन से एसएसआई मंगलौर नियुक्त किया गया है।

वहीं उपनिरीक्षक अंकुर शर्मा को एसएसआई भगवानपुर से थानाध्यक्ष बुग्गावाला बनाया गया है। उपनिरीक्षक मनोज गैरोला को एसएसआई मंगलौर से एसएसआई बहादराबाद तैनात किया गया है। उपनिरीक्षक अजय शाह को थानाध्यक्ष झबरेडा से पुलिस कार्यालय तथा उपनिरीक्षक नितिन बिष्ट को एसएसआई बहादराबाद से पुलिस कार्यालय संबद्ध किया गया है।एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी इस तबादला सूची को प्रशासनिक आवश्यकता और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

# सेवानिवृत्त होने वाले 12 शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** झबरेड़ा विधायक विरेन्द्र जाती ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं, जिनकी तपस्या से राष्ट्र का भविष्य आकार ग्रहण करता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, किंतु शिक्षक का ज्ञान, अनुभव और संस्कार सदैव समाज को आलोकित करते रहते हैं।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कविन्द्र चौधरी ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है और शिक्षक उस आधारशिला के सशक्त स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक अपने अनुभवों की अमूल्य निधि से नई पीढ़ी को दिशा देने में सदैव सक्षम रहते हैं। उन्होंने संगठन की इस पहल को सराहनीय बताते हुए इसे प्रेरणादायी परंपरा बताया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) हरिद्वार अमित कुमार चंद ने अपने उद्बोधन में शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और उत्तरदायित्व की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। डायट प्राचार्य मेराज अहमद ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति का समन्वय ही समाज को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि नवाचार और सतत अधिगम को अपनाते रहें, तो शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले नारसन ब्लॉक के 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन बीर सिंह पंवार ने किया। समारोह में शानेकरीम सिद्दिकी पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान, मंत्री हेमेन्द्र चौहान, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, अंबरीष वर्मा, शरद शर्मा, रविन्द्र कुमार, तरुण चौहान, सतीश शर्मा, मनोज शर्मा, सुशील सैनी, अमित कुमार, दिनेश बडवाल, अब्दुल कादिर, विधि गुप्ता, कुंतला गुप्ता, जेबा प्रवीन, वसीम सिद्दिकी, राजकुमार राठी, तेजवीर, अखलाख, तस्लीमा कुरैशी, कृष्णपाल सिंह, नरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, राकेश शर्मा, भारत भूषण, मोहब्बत अली, मासूम अली, शफक्कत अली, प्रवीण राणा, निष्कर अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, योगेन्द्र, हेमन्त ध्यानी, नरेश चोपड़ा, चंद्रसेन, शिवनंदन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लक्सर पुलिस ने कुछ ही घंटों में दबोचा बाइक चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशों पर अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लक्सर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का चंद घंटों में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीती 26 मार्च को मेहताब अहमद निवासी सहारनपुर ने लक्सर कोतवाली में तहरीर दी थी कि 24 मार्च को कुंआ खेड़ा स्थित कचरा फैक्ट्री के पास से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से मिली मदद कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाईं। सटीक जानकारी के आधार पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पारस वर्मा (निवासी केशव नगर, लक्सर) को चोरी की हीरो स्प्लेंडर के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# पूर्व सीएम हरीश रावत ने दरगाहपुर में ईद मिलन समारोह में की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के ग्राम दरगाहपुर में पूर्व प्रधान आरिफ के निवास पर एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद दी।

राजनीति से ऊपर उठकर मनाएं त्योहार: हरीश रावतसमारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ष्हमें हिंदू-मुसलमान की राजनीति से ऊपर उठकर एक-दूसरे के त्योहारों को मिलकर मनाना चाहिए। ये त्योहार सभी की खुशियों के लिए बने हैं। उन्होंने आरिफ पूर्व प्रधान के इस प्रयास की सराहना की और सभी के लिए सुख-शांति की कामना की। नेताओं ने दिया भाईचारे का संदेशकार्यक्रम में मौजूद अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार साझा किएबालेश्वर सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष उन्होंने कहा



कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। हमें बुराई त्यागकर भलाई के रास्ते पर चलना चाहिएसंजय सैनी जिला पंचायत सदस्यउन्होंने कहा कि गिले-शिकवे भुलाकर साथ आने से न केवल सामाजिक ताना-बना बुनता है, बल्कि इससे कांग्रेस पार्टी को भी मजबूती मिलेगीडॉ. उमा दत्त शर्मा: उन्होंने सभी से अपील की कि अच्छाई के मार्ग पर चलते हुए हर वर्ग के त्योहार में उत्साहपूर्वक शामिल हों। रवि पाल सैनी : उन्होंने पूर्व प्रधान आरिफ के इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय सैनी करणपाल, पूर्व प्रधान मोहम्मद आरिफ, पूर्व प्रधान जगबीर सिंह, पूर्व प्रधान विनोद कुमार, मास्टर जाफिर, प्रधान कमलकांत, मुखिया राकेश सैनी, सनुज चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रवि पाल, राहुल सैनी धर्मराज चौहान सनव्वर राजा सतवीर सिंह साजिद अंसारी प्रधान मोहम्मद अली हिना खातून समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लक्सर पुलिस ने अलग-अलग जगह से दबोचे दो नशा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ैच द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लक्सर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में सक्रियता दिखाते हुए एक स्मैक तस्कर को रंगे हाथों दबोचा है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीमें नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी और निगरानी कर रही हैं चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने लक्सर क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। अभियुक्त की पहचान गुलशन उम्र 25 वर्ष, पुत्र पालू, निवासी ग्राम निरंजनपुर, थाना कोतवाली लक्सर के रूप में हुई है। पुलिस नेअभियुक्त के खिलाफ संबंधित मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अभियुक्त को न्यायालय

**❖एक से 8.86 ग्राम व दूसरे से 4.40 ग्राम स्मैक हुई बरामद**

के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अजय कुमार हे. कानि. रविन्द्र कुमार नागर लक्सर कानि. राजेन्द्र सिंह बिष्ट लक्सर शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (स्मैक/ चरस/ गांजा व अवैध शराब आदि) तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली लक्सर पुलिस ने क्षेत्र से एक व्यक्ति को 8.86 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एन0डी0पी0एस0 एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। पकड़ा गया आरोपित- खालिद पुत्र सलीम निवासी ग्राम लादपुर कला कोतवाली लक्सर है।

### खोया पाया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2012 की मार्कशीट रोल नंबर 0003936 व वर्ष 2014 इंटरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 14002977 व वर्ष 2018 बीटैक की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या नं 140430107084 वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा।

**तालिब खान पुत्र गुलजार खान नि. ग्राम सेठपुर थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार।**

# झबरेड़ा फायरिंग में तमंचे सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर का तमंचा जिंदा कारतूस बरामद कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार गौरव पुत्र ऋषिपाल निवासी कस्बा व थाना झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार द्वारा आारोपी शिवांश पुत्र रणवीर निवासी मोहल्ला छावनी, कस्बा व थाना झबरेड़ा के विरुद्ध स्वयं व अपने मेहमानों के साथ गाली-गलौच करते हुए फायरिंग करने के संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 53/26, अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए दिनांक 28.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा झबरेड़ा कला बाईपास से आरोपी शिवांश पुत्र रणवीर निवासी कस्बा व थाना झबरेड़ा, धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह, उपनिरीक्षक जय सिंह, का० मुकेश तोमर, का० रणवीर सिंह आदि शामिल रहे।

## नेहरू स्टेडियम में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप का समापन

# पुरुष वर्ग में पांडिचेरी ने जीता फाइनल तो महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश बनी चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 33वीं फैडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप

**❖ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व राज्यमंत्री व एसोसिएशन के महासचिव ने खिलाड़ियों को प्रदान की ट्रॉफी**

का आज नेहरू स्टेडियम में समापन हो गया। जिसके पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में पांडिचेरी ने गत दस वर्षों के चैंपियन उत्तर प्रदेश की टीम को हराकर विजयश्री हासिल की वहीं महिला वर्ग में उतर प्रदेश ने अपना दबदबा कायम रखा और तमिलनाडु की टीम को हराकर खिताब बरकरार रखा। पुरुष वर्ग में पांडिचेरी की टीम ने टॉस जीतकर आठ विकेट 67 रन बनाकर उत्तर प्रदेश को 68 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम निर्धारित ओवर में 55 रन ही बना सकी और पांडिचेरी ने 12 रन के अंतर से मैच जीत लिया। गोवा और तमिलनाडु को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। दूसरी ओर यूपी की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए। जिसके जवाब में तमिलनाडु की टीम 54 रन ही बना सकी। गोवा




और पांडिचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक सेठ ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धक टिप्स दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री शोभा राम प्रजापति, चौधरी अजीत सिंह और रामकुमार वालिया ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में पांडिचेरी, तमिलनाडु, गोवा, यूपी, लक्ष्यद्वीप , जम्मू-कश्मीर के पदाधिकारियों ने भी भागीदारी की।

# समाज एकजुट होकर दहेज प्रथा पर रोक लगाए:मुफ्ती रियासत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** जमीअत उलेमा ए हिंद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती रियासत अली ने कहा कि दहेज प्रथा पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि दहेज में बेवजह खर्च की रोक लगा कर इस पैसे को अपने बच्चों को अच्छी तालीम हासिल कराने के लिए खर्च किया जाए।

रविवार को मदरसा इमदादुल इस्लाम लंढौरा में जिला स्तर पर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान मुफ्ती रियासत अली ने कहा कि दहेज का चलन बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते मीडियम और गरीब तबके के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि दहेज पर रोक लगाने के साथ इस पैसे से बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण कराए। मुफ्ती ने कहा कि मां बाप अगर अपनी लड़कियों अपनी संपत्ति में हिस्सा देते है तो दीनी ऐतबार से बहुत सही है। मास्टर अहसान अली ने कहा कि बारात में कम से कम लोगों को ले जाया जाए। दावत नामा भी वालीमे का ही दिया जाए। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि इस कुप्रथा को रोकने के लिए सभी मौजिज लोगो को आगे आना चाहिए। मौलाना नवाब अली ने कहा कि ब्याह शादी में कई तरह की ऐसी रस्म है काफी खर्चीली



है। ऐसी सभी रस्मों पर रोक लगना बेहद जरूरी। एडवोकेट अब्दुल शमी ने कहा कि दहेज प्रथा पर रोक लगाने के लिए हर बिरादरी के मौजिज लोगों को आगे आकर पहल करनी पड़ेगी। बाद में तय किया गया कि इसके लिए हर गांव में कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर कारी कुर्बान अली, चेयरमैन साजिद अली, एडवोकेट अब्दुल शमी, प्रधान जब्बार अली, प्रधान यूसुफ, खालिद, हाजी इरशाद समेत पुरे जिले से गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 30 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नो किंग को लेकर प्रदर्शन

ईरान के साथ अमेरिका-इस्राईल युद्ध को 30 दिन हो गए हैं और इसका अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है, बल्कि अगर हम यह कहें कि इसका और विस्तार ही हो रहा है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि सुनने में आ रहा है कि अमेरिका ईरान के साथ जमीन पर दो हाथ करने के लिए सैनिक भेज रहा है, लेकिन कहते हैं कि अति हर चीज की बुरी होती है। लोगों की जिस तरह कठिनाइयां इस संघर्ष से बढ़ती जा रही हैं उससे लगता है कि अब लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। जिस तरह कई देशों में इस युद्ध को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उससे साफ हो गया है कि अब आम जनता ने मान लिया है कि बस बहुत हो चुका। और देशों की बात तो छोड़िए खुद अमेरिका में ही बेहद बड़े स्तर पर राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें 80 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, दिलचस्प बात यह है कि यह प्रदर्शन अमेरिका के सभी पचास राज्यों में 3300 से ज्यादा जगहों पर हुए। इन प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना था कि अक्टूबर में पिछले प्रदर्शनों की तुलना में इस बात करीब दस लाख ज्यादा लोग शामिल हैं। लोग इतने उत्तेजित दिखाई दिए कि राष्ट्रपति ट्रम्प और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स के खिलाफ पोस्टर दिखा रहे थे और उन पोस्टरों पर उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। लोगों का कहना था कि हमें किंग नहीं चाहिए। वह नॉ किंग का नारा लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कई जगह पुलिस के साथ टकराव भी देखने में आया। बात केवल अमेरिका की नहीं है। ग्रीस की राजधानी एथेन्स में अमेरिकी दूतावास के बाहर भी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। इटली भी प्रदर्शन से अछूता नहीं रहा, वहां की राजधानी में कई बड़े नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। लोग इस्राईल के पीएम नेतन्याहू, इटली की पीएम मिलोनी और ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन खुलकर कर रहे हैं। अमेरिकी डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए कहा भी कि ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं और साथ ही कहा कि वह राजा नहीं हैं। उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। ट्रम्प कुछ भी कह रहे हैं, लेकिन पेरिस, लंदन जैसे शहरों में जिस तरह बड़े प्रदर्शन उनके खिलाफ हो रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि दुनिया अब इस युद्ध से ऊब चुकी है और शीघ्र इसे खत्म होते देखना चाहती है और डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू के लिए भी यह फैसला ठीक होगा कि वह किंग के बर्ताव से हटकर आम जनता का प्रतिनिधित्व करते दिखाई दें, जो बहुत कठिनाइयों का सामना इस समय कर रही है।

## बसपा में ही बन जाता जेवर एयरपोर्ट



जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे, अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते, तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता, काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डे के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गये थे, इतना ही नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती, तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता, सपा का तो ज्यादातर समय गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिये गये ऐतिहासिक फैसलों व किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने खर्च हुआ। **-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा





तनवीर जाफरी

निसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश श्सर्वशक्तिमान अमेरिकाश से अपने मधुर सम्बन्ध बनाए रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिए अमेरिका भी अन्य देशों के बीच श्बांटो और राज करोश का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं।

अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहां की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमे. रिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमे. रिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुए अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि -श्अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जाएगा, परन्तु गत 28 फरवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के बाद ईरान ने स्वयंभू महाबली अमेरिका को जिस तरह उसकी औकात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमे. रिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से गलत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, जॉर्डन व इराक जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के सार्वभौमिक इलाके। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचारघसिस्टम,थाड एंटी-मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गई। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका खुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफाजत नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिए भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किए गए शिया-सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिए पूर्णतय: अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमे. रिका से फासला बनाकर रखने का मन बना लिया है। ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने जिद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही खिलाफ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफी विरोध के स्वर बुलंद हुए हैं। गत दिनों किए गए अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें अत्यधिक हस्तक्षेप या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गई है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए ऑनलाइन अभियान चलाए और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय वार पावर रेजोल्यूशन भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के खिलाफ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज जरूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध जरूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को गलत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे ह्इस्राईल के दबावह्र में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र के निद. ेशक जोसेफ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफा तक दे दिया। अपने इस्तीफे के पत्र में जोसेफ केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को ह्कोई तत्काल खतराह्र नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और मौन विरोध है। कहना गलत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर कब्जे की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिए तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुंचने के लिए काफी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**गत 79 वर्षों में हमारी सरकारों ने अगर इस अनुभव का लाभ उठाया होता और आर्थिक विकास के मॉडल को इस तरह दिशा दी होती की गांव का जीवन आत्मनिर्भर बनता तो शहरीकरण और उससे पैदा हुई हजारों चुनौतियां आज हमारे सामने मुंह बाय न खड़ी होती। गांव की लक्ष्मी गांव में रहती और गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाता तो करोड़ों भारतवासियों को गंदी बस्तियों में नारकीय जीवन न जीना पड़ता। मुझे लगता है कि अगर गौ रक्षा के मामले में एक नई और समेकित सोच को केंद्र में रखते हुए विकास का मॉडल तैयार किया जाए तो गो वंश और भूमिहीन परिवारों का बहुत कल्याण हो सकता है। ए कोरी कल्पना नहीं है। इस दिशा में हमने एक छोटा सा प्रयोग 20 बरस पहले मथुरा में करके देखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम आए।**

# आ अब लौट चलें...



विनीत नारायण



जो लोग एक्स (ट्विटर) पर गंभीर विषयों को तलाशते रहते हैं उन्हें पता है कि किस तरह बाजारू शक्तियां हमारे दैनिक जीवन पर शिकंजा कसती जा रही हैं। हमारे खाद्यान, सब्जियां, फल व दूध ही नहीं, हमारी दवाईयां और वैक्सीन तक सब पर इन ताकतों का कब्जा है। इनका उद्देश्य ना तो हमें स्वस्थ रखना है और ना ही सुखी। अरबों खरबों रुपये का मुनाफा कमाना ही इनका उद्देश्य होता है। इनके लिए हम सब प्रयोगशाला के जानवर हैं, जिन पर यह लगातार खतरनाक परीक्षण करते रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का ताना-बना इस तरह बुना जाता है कि दुनिया के तमाम देशों का नेतृत्व इन ताकतों के चंगुल में फसा रहे और अपनी प्रजा के हितों का बलिदान करके भी इनके मुनाफे बढ़ाने में मदद करे। इन ताकतों का मुख्य केंद्र है अमरीका। यह सर्वविदित है कि अमरीका की शस्त्र उद्योग लॉबी अमरीकी शासकों को मोहरा बना कर दुनिया भर में युद्ध करवाती रहती है। जिससे उसका माल बिकता रहे। इन ताकतों के आगे अमरीका का सभ्य और सुसंस्कृत समाजभी लाचार है। 'एपस्टीन फाइल्स' में जिस क्रूर, पाशविक प्रवृत्तियों का खुलासा हुआ है उसके बाद अमरीका के तमाम मशहूर बड़े लोग जेल के सीखचों के पीछे होने चाहिए थे, पर वहां ऐसा नहीं हो रहा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिख गए हैं कि समरथ को नहीं दोष गुसाईं। जिस तरह के संकट और महामारियां अब लगातार हमारे जनजीवन पर बार-बार हमला करने लगी हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारा और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य अंधकार मय है। राष्ट्र का 'सकल घरेलू उत्पादन' या आर्थिक वृद्धि की दर उस राष्ट्र के लोगों के सुखी और स्वस्थ होने का पैमाना नहीं होते। ये आंकड़े उन्हें मुट्ठी भर लोगों को हर्षित करते हैं जो देश के तीन चौथाई संसाधनों पर कब्जा किए बैठे हैं। अगर लोगों की खुशहाली देखना है तो हमें पड़ोसी देश भूटान की ओर रुख करना पड़ेगा। जो अपनी प्रगति को सकल घरेलू उत्पादन के पैमाने पर नहीं बल्कि सकल घरेलू उल्लास हैप्पीनेस इंडेक्स के पैमाने पर नापता है। हमें अपने विकास की दिशा और दशा बदलनी चाहिए। देश के 5.5 लाख गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। जिससे आम भारतीय बाजारू शक्तियों के मकड़ जाल से बच कर सुखी और स्वस्थ जीवन जी सके। खाड़ी के देशों में चल रहा भयानक युद्ध, उससे निरंतर बढ़ता ऊर्जा संकट और वायु में घुलता जहर पूरी दुनिया के लिए हर दिन चिंता बढ़ा रहा है। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी पड़ रहा है। समस्या भयावय होती जा रही है। हर घर में अनिश्चितता और हताशा बढ़ने लगी है। कुकिंग गैस पर से निर्भरता हटा कर गोबर के कंडों और लकड़ी पर लौटना पड़ सकता है।

क्यों न इस दिशा में एक नई पहल की जाए। सनातन हिन्दू संस्कृति में गाय को मां माना जाता है। धर्म शास्त्र कहते हैं कि गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, उससे बना दही, छाछ, पनीर व घी स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। देशी गाय के गोबर और मूत्र के गुण वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हो चुके हैं। सदियों से हर सनातनी के घर गौ पालन की प्रथा थी, पर शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने इस परंपरा को बहुत तेजी से नष्ट किया है। गौ वंश और कृषि आधारित जीवन आम भारतीय को स्वस्थ और सुखी रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओली की गिरफ्तारी से दहशत और सन्नाटे में नेपाल की राजनीति





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में बदले की भावना भी एक अध्याय है लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है लेकिन इसकी जो टाइमिंग है वह बालेन सरकार पर सवाल खड़ा करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है तो कोई हिन्दू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है,यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरियता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है उससे ऐसा लगता है अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है। शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी क्योंकि पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच हेतु गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है। सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है,ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा-दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की।नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए। नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृहमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था।इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ,सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए। जिन आरोपों में पूर्व पीएम ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ लंबे समय तक चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामें को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग-अलग हैं वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं।बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग-अलग मत उभर कर सामने आया है। बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा क्योंकि फिर उन्हें कानून व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा।

ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृहमंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है। एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृहमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच हेतु गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग जो अब गृहमंत्री हैं ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांति पूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है। हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है। फिलहाल ओली और रमेश लेखक को अभी पांच दिन की पुलिस हिरासत में रखा गया है। ओली की गिरफ्तारी से नेपाल की राजनीति में दहशत भरा सन्नाटा पसरा हुआ है, भ्रष्टाचारी नेता और अफसर किसी कोने में दुबके हुए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


**जम्मू-कश्मीर। जम्मू में आयोजित 'जम्मू मैराथन 2026' के दौरान पदक प्रदर्शित करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।**

## पाक ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। उन्होंने इसे 'शांति का संकेत' और ईरान का 'स्वागत योग्य और रचनात्मक कदम' बताते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगा।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने 200 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है। मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया कि पिछली रात, वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है।

# किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की बढ़ी टेंशन

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाले मिसाइल इंजन का किया परीक्षण, अमेरिकी रक्षा तंत्र के लिए खतरा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए और शक्तिशाली मिसाइल इंजन के परीक्षण का जायजा लिया। सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यह इंजन एक अपग्रेडेड, हाई-थ्रस्ट, सालिड-फ्यूल पर आधारित है और इसकी ताकत पहले से कहीं ज्यादा है। किम जोंग उन ने इसे देश की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें।



■ **इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें**

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मिसाइलों को पहचानना और रोकना बहुत मुश्किल है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है। इस इंजन की अधिकतम ताकत 2500 किलोटन मापी गई है। इससे पहले सितम्बर में हुए परीक्षण में यह ताकत 1970 किलोटन थी। यह टेस्ट देश के पांच साल के हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लक्ष्य परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को और आधुनिक बनाना है। किम जोंग उन ने कहा कि इस टेस्ट से देश की रणनीतिक ताकत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, यह टेस्ट कब और कहां हुआ, इसकी सटीक जानकारी नहीं दी गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दावे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया के एक शोधकर्ता ली चुन ग्यून ने कहा कि उत्तर कोरिया इसमें कुछ बातें छिपा रहा है। उन्होंने इंजन के जलने के कुल समय जैसी जरूरी जानकारी नहीं दी है। उत्तर कोरिया ने सितम्बर के परीक्षण को सालिड-फ्यूल इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड परीक्षण बताया था, और पहले कहा था कि इस इंजन का उपयोग इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए किया जाएगा। उस समय पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया जल्द ही उस इंजन से लैस एक आईसीबीएम का परीक्षण-प्रक्षेपण करेगा, लेकिन उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के इस कार्यक्रम में कुछ देरी हो रही है। यह भी संभव है कि वह रूस की तकनीकी मदद से बेहतर इंजन बना रहा हो। हाल के समय में रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध गहरे हुए हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक और हथियार भी भेजे हैं। ठोस ईंधन वाले इंजन से उत्तर कोरिया छोटी मिसाइलें भी बना सकता है। इन्हें पनडुब्बियों या मोबाइल ट्रकों से लान्च करना आसान होगा। जो कि अमेरिका के रक्षा तंत्र के लिए खतरा बढ़ाएगा। उत्तर कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। ये मिसाइलें अमेरिका तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी भी कुछ तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती मिसाइल के वारहेड को वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कराते समय सुरक्षित रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान संकट पर रूस की मददगारों को नसीहत

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह बात रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कही है। सैफ्रोनकोव ने कहा कि यहां मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि, कुल मिलाकर, खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई 'खेल के एक ही नियम' के अनुसार काम करे और सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे से निर्देशित न हो।

### रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच हो: लीबिया

**बेनगाजी।** लीबिया की सर्वोच्च राज्य परिषद (एसएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदेल अब्देलकाफी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को देश के तट से दूर भूमध्य सागर में रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूस के परिवहन मंत्रालय ने तीन मार्च को कहा था कि रूसी गैस टैंकर 'आर्कटिक मेटागाज' पर लीबिया के तट से दूर, भूमध्य सागर में माल्टा के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में यूक्रेन की मानवरहित नावों द्वारा हमला किया गया था।

### ड्रोन कार्रवाई में रूस के उस्त-लूगा तट को हुआ नुकसान

**मॉस्को।** रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 27 ड्रोन मार गिराए जाने से उस्त लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। लेनिनग्राद के गवर्नर अलेक्सांद्र ड्रोज्डेन्को ने यह जानकारी दी है। उन्होंने मैक्स पर कहा सत्ताईस यूएवी मार गिराए गए। उस्त-लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। कोई हताहत नहीं हुआ। गवर्नर ने बताया कि हमले की जवाबी कार्रवाई जारी है।

### अमेरिका में 48 रूस विभिन्न जेलों में बंद: संघीय जेल ब्यूरो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वर्तमान में 48 रूसी नागरिक विभिन्न जेलों में बंद हैं, जो देश की जेलों में बंद सभी विदेशी नागरिकों का लगभग 0.2 प्रतिशत है। विधि विभाग के संघीय जेल ब्यूरो (बीओपी) की प्रेस सेवा ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी है। फिलहाल अमेरिकी गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधों का हवाला देते हुए इन व्यक्तियों के नाम और व्यक्तिगत विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। एजेंसी ने यह भी बताया कि वर्तमान में 48 यूक्रेनी नागरिक और चार बेलारूसी नागरिक अमेरिकी जेलों में हैं। बीओपी के अनुसार, अमेरिकी जेलों में बंद सभी विदेशियों में से आधे से अधिक, यानी लगभग 12500 लोग, मैक्सिको के नागरिक हैं।

# IRGC टारगेट पर अब इजरायली-अमेरिकी विश्वविद्यालय

### तेहरान में विश्वविद्यालय पर हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपना वैध लक्ष्य करार दिया

**मॉस्को/तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने तेहरान में एक विश्वविद्यालय पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में इजरायली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को हमलों के लिए वैध लक्ष्य मानना शुरू कर दिया है। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चैनल ने टेलीग्राम पर बताया कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय वैध लक्ष्य हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस्फाहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उन कई विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में से केवल दो हैं, जिन पर पिछले 30 दिनों के दौरान ईरानी राष्ट्र के खिलाफ छेड़े गए अपने अवैध युद्ध के दौरान हमलावरों ने जानबूझकर हमले किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता का असली मकसद लगातार सामने आ रहा है: विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केंद्रों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख वैज्ञानिकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाकर हमारे देश की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को पंगु बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का यह दावा कि वह ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम' और 'आसन्न खतरे' का मुकाबला कर रहा है कि सिवाय दुर्भावनापूर्ण बहानों के और कुछ नहीं है-ये केवल मनगढ़ंत बातें हैं जिनका मकसद उनके असली इरादों को छिपाना है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र में सैन्य लक्ष्यों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते एक माह में जान माल का बेहिंसाब नुकसान हुआ है, लेकिन इस संघर्ष का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। दोनों देश अपने-अपने संघर्षविराम मसौदे पेश कर चुके हैं लेकिन अब तक आम सहमति नहीं बन सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते एक माह में ईरान में मृतकों की संख्या 1900 से अधिक हो गई है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 121 बच्चे शामिल हैं।




■ **ईरान युद्ध में बीते एक माह के दौरान जान माल का बेहिंसाब नुकसान, हजारों लोग हताहत, लाखों विस्थापित**

इजरायल पर हुए हमलों में करीब 20 लोगों की जान गई, जबकि खाड़ी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों में कई सैनिक हताहत हुए हैं, जिनमें कम से कम छह सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान में करीब 10,000 नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ जब अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हुई। इसी दिन ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मिनाब शहर का एक बालिका विद्यालय भी अमेरिकी मिसाइल का निशाना बना, जिसमें 165 लोगों की मौत हुई।

मृतकों में ज्यादातर 7-12 वर्ष की छात्राएं थीं, हालांकि अमेरिका ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि घटना की जांच हो रही है। अमेरिका-इजरायल ने आयतुल्ला खामेनेई की हत्या को 'पूर्ववर्ती हमला' करार दिया। इसके जवाब में ईरान ने अपनी पूर्व की चेतावनियों पर अमल किया और इजरायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य को भी बंद कर दिया, जहां से पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही हिजबुल्लाह भी संघर्ष में शामिल हो गया, जिसके बाद इजरायल ने लेबनान में जमीनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, जबकि अमेरिका ने कहा कि उसका लक्ष्य ईरान की सैन्य क्षमता को नष्ट करना है। युद्ध के दूसरे सप्ताह तक यह स्पष्ट हो गया कि ईरानी शासन ध्वस्त नहीं हुआ है और युद्ध लंबा खिच सकता है। तीसरे सप्ताह में संघर्ष और तेज हुआ जब इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों, विशेषकर साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला किया। इस हमले के बाद धधकती आग के कारण कई किलोमीटर दूर तक काले बादल छा गए और आसपास के इलाकों में काली बारिश भी हुई। इसके जवाब में ईरान ने क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया। इस दौरान इजरायल ने सुरक्षा सचिव अली लारिजानी और बासिज प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी सहित ईरान के कई शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की हत्या की। दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका की सैन्य क्षमता पर हमला जारी रखा। अमेरिकी सेना की केन्द्रीय कमान के अनुसार, वह ईरान में 11000 से ज्यादा सैन्य लक्ष्यों पर हमला कर चुका है और उसे करीब 3500 ठिकानों पर हमला करना बाकी है। उधर, होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं और वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। चौथे सप्ताह में अमेरिका ने संकेत दिया कि वह कूटनीतिक समाधान की तलाश में है और ईरान को युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।

## लेबनान में पत्रकारों की मौत पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे 'सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी' बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेघ्घीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार सुफातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को 'स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या' करार दिया और कहा कि यह 'सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश' है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि लेबनान में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दूसरी बार है जब इजराइल पर पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

## ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग

**इस्लामाबाद।** ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की हैं। इसके साथ ही इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश भी कर चुका है। उसने ईरान को 15 सूत्रीय अमेरिकी प्रस्ताव भी सौंपा है। इसमें ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना, मिसाइल कार्यक्रम घटाना, क्षेत्रीय प्राक्सी ग्रुप्स से समर्थन रोकना और सैंक्शन्स में राहत जैसे मुद्दे शामिल हैं। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

■ **रूस, सऊदी-तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे**
■ **इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे**

## कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति आवास पर ड्रोन अटैक

### अमेरिका ने बताया कायरतापूर्ण हमला

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का पूरा इलाका इन दिनों बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। ताजा मामला इराक के कुर्दिस्तान से आया है, जहां राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। इस हमले ने न सिर्फ कुर्दिस्तान बल्कि अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद से अमेरिका बेहद तल्ख तेवर में नजर आ रहा है।

वहीं, ईरान भी चुप नहीं है। दोनों देशों के बीच का पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जैसे ही राष्ट्रपति आवास पर हमले की खबर आई, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बिना देर किए एक बयान जारी किया। अमेरिका ने हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य' बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अमेरिका ने साफ लफ्जों में कहा है कि वह कुर्दिस्तान और इराक की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ मजबूती से खड़ा है। अमेरिका ने इराकी प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश के पीछे जो भी चेहरे हैं, उन्हें बेनकाब कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस एक हमले ने जितनी दहशत जमीन पर नहीं फैलाई, उससे कहीं ज्यादा इसने कूटनीतिक गलियारों में तनाव पैदा कर दिया है। हमले के कुछ ही घंटों के भीतर अमेरिका और ईरान के बीच आरोपों के तीर चलने लगे। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि इस हमले के पीछे उन उग्रवादी गुटों का हाथ है, जिन्हें सीधे तौर पर ईरान से खाद-पानी और हथियार मिलते हैं। अमेरिका ने कहा कि ईरान समर्थित ये गुट क्षेत्र में अपनी धमक बनाए रखने के लिए ऐसे हमलों को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी तरफ, ईरान ने भी इन आरोपों पर चुप रहना ठीक नहीं समझा। ईरान ने अमेरिका के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।



■ **ईरान के साथ छिड़ी जुबानी जंग, अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा**

## जमीनी हमले की साजिश रच रहा अमेरिका: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों को रोकने के कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि, हमलों का स्तर कम न होने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने रविवार को दावा किया कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का दिखावा कर रहा है, लेकिन हकीकत में वह एक जमीनी हमले की योजना बना रहा है।

मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि दुश्मन सार्वजनिक रूप से बातचीत और संवाद के संदेश भेज रहा है, जबकि गुप्त रूप से जमीनी हमले की साजिश रच रहा है। गालिबाफ ने यह भी कहा कि ईरान के सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें। उन्होंने कहा कि दुश्मन बातचीत की बात करता है, लेकिन जमीनी आक्रमण की योजना बना रहा है। अमेरिका संघर्षविराम के लिए 15 सूत्रीय सूची के जरिए से वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है जो वह युद्ध में नहीं जीत सका। हमारी सेनाएं तैयार हैं और हम कभी अपमानित नहीं होंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका को जवाब देकर उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सबक सिखाएंगे।

■ **ईरानी सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने के इंतजार में ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें**

# ईरान में जमीनी अभियान की अमेरिका कर रहा तैयारी

### अभियान मे विशेष ऑपरेशन बलों व पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की कार्रवाई शामिल होगी

■ **अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

अखबार के अनुसार किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। अखबार ने बताया कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों पर जवाबी हमले कर रहा है। वहीं अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किए है, जिसमें 150 से ज्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया था। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमला कर रहा है।

## परमाणु स्थलों पर रेडिएशन का स्तर बढ़ने की सूचना दे ईरान: आईएईए

**वियना।** ईरान के परमाणु स्थलों पर अगर रेडिएशन का स्तर बढ़ता है, तो वह इसकी सूचना अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को देगा। वियना में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। उल्यानोव ने कहा कि रेडिएशन प्रदूषण के संबंध में कुछ ईरानी एजेंसियां हैं जो निश्चित रूप से रेडिएशन के स्तर को माप रही हैं और अगर यह स्तर बढ़ता है, तो वे आईएईए सचिवालय को सूचित करेंगी। मुझे लगता है कि इस बात का भरोसा किया जा सकता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108